तापमान
अधिकतम 33.6 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 13 अगस्त 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

12 मिनीमाता की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

12 अंजोरा में बनेगा शिवनेरी स्वागत द्वार, शिवाजी की प्रतिमा होगी स्थापित





## वर्षा कम होने से मानसून पर निर्भर किसानों की बढ़ी चिंता, हफ्तेभर से नहीं गिरा पानी

# बारिश नहीं होने से खेतों में दरारें... फसल की ग्रोथ रुकी, जलाशयों में भी पानी कम

*हरिभूमि न्यूज-भिलाई। ये तस्वीर है नगपुरा गांव के पुकेश्वर साहू किसान की। आठ एकड़ में इस किसान ने फसल ली है। पानी की कमी और तेज धूप की वजह से खेतों में दरारें पड़ गई है। फसल का ग्रोथ रूक गया है। आने वाले चार-पांच दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो पैदावारी भी ठीक से नहीं हो पाएगी। यह स्थिति जिले के ज्यादातर मंझले और छोटे किसानों की है जिनके पास सिंचाई के साधन नहीं हैं। इनकी निर्भरता केवल मानसून पर है। बारिश अच्छी हुई तो पैदावारी अच्छी हो जाती है और नहीं हुई तो सोसायटी का लिया कर्ज तक नहीं अदा कर पाते। जिले में 1.36 लाख हेक्टेयर में धान की फसल ली गई है।*



| जलभराव की स्थिति | |
|---|---|
| तांदुला- | 58.98% |
| गोंदली - | 50.60% |
| खरखरा - | 52.34% |
| मरोदा - | 40.78% |

### इन गांवों के खेतों में पड़ गई हैं दरारें

हरिभूमि ने गांवों में पड़ताल की। नगपुरा, करगाडीह, बोरीगारका, बोरीडीह, पुरई, पाउवारा, कोकड़ी, जंजगिरी, कोड़िया, खम्हरिया, धनोरा, हनोदा , ढ़ौर, टेमरी, कुकदा सहित सैकड़ों गांव हैं जहां के किसानों को पानी चाहिए। बारिश पिछले 15 दिनों से नहीं हो पाई है। खंड वर्षा की स्थिति है। एक किलोमीटर एरिया में बारिश होती है तो आगे सूखा रहता है। जिसकी वजह से खेतों में पानी नहीं है। फसलों की ग्रोथ के लिए पानी अतिआवश्यक हो गया है।

### जलाशयों में भी जलभराव पिछले साल से 40% कम

दुर्ग जिले के किसानों को बालोद जिले के जलाशयों पर निर्भर रहना पड़ता है। बालोद में तांदुला जलाशय और खरखरा जलाशय ऐसे हैं जहां से किसानों के खेतों को पानी मिल पाता है। किसानों ने कलेक्टर दुर्ग से मांग की है कि फसल बचाने के लिए जलाशय से पानी दिया जाए। लेकिन जलाशयों में पिछले साल से औसतन 40 प्रतिशत जलभराव कम है। तांदुला जलाशय में 12 अगस्त 2025 की स्थिति में 58.89 प्रतिशत जलभराव है। पिछले साल 12अगस्त 2024 को इस जलाशय में 87.82 प्रतिशत पानी भर गया था। यानी 28.93 प्रतिशत जलभराव पिछले साल से इस साल कम है। खरखरा जलाशय में वर्तमान में 52.34 प्रतिशत जलभराव हुआ है। पिछले साल 100 प्रतिशत जलभराव हो चुका था। यानी लगभग आधी 47.66 प्रतिशत जलभराव इस साल कम हुआ है।

## किसानों का यह कहना

### खेतों में पड़ गई हैं दरारें



हमने आठ एकड़ में धान की फसल लगाई है। पिछले 15 दिनों से बारिश नहीं हुई है। जिसकी वजह से खेत सूख गए हैं। दरारें आ गई है। तेजधूप व बारिश नहीं होने की वजह से धान की नर्सरी का ग्रोथ भी रूक गई है। **-पुकेश्वर साहू**,किसान

### सिंचाई के दूसरे साधन नहीं



सात एकड़ की किसानी है। सोसायटी से खाद-बीज का कर्ज है। खेतों में पानी नहीं है। सिंचाई के दूसरे साधन भी नहीं हैं। पूरी तरह मानसून पर निर्भर होकर खेती करते हैं। 15 दिनों से खेतों में पानी ही नहीं है। जिसकी वजह से फसल प्रभावित हो रहे हैं। **-चेतन यादव**, किसान

### हर दिन बारिश का इंतजार



हम छोटे किसान हैं। पांच एकड़ में धान फसल लिया है। पिछले साल ऐसी स्थिति नहीं थी। इस बार खेत सूख गए हैं। गांव सहित आसपास गांव में भी यही स्थिति है। हर दिन ऐसा लगता है कि अब बारिश होगी लेकिन बादल बरसते नहीं। **-कोमल धनकर**, किसान

### सिंचाई के लिए दें पानी



आठ एकड़ में धान फसल लगी है। खेत पानी के बिना सूखे पड़े हैं। समय पर बारिश नहीं हुई तो पैदावारी प्रभावित हो जाएगी। इसलिए प्रशासन खेतों तक पानी पहुंचाने का प्रबंध करे। पैदावारी कम हुई तो सोसायटी का कर्ज पटाना मुश्किल हो जाएगा। **-संतराम यादव**, किसान

### पिछले साल से 19 मिमी औसत बारिश कम

मौसम विभाग के मुताबिक इस साल एक जून से अब तक 552.2 मिलीमीटर बारिश हुई है। पिछले साल इस अवधि तक 620.1 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी। यानी पिछले साल से 19 मिलीमीटर औसत बारिश कम हुई है।

### वर्षा के संकेत



बंगाल की खाड़ी में ऐसा सिस्टम बन रहा है कि 12 से 14 अगस्त तक प्रदेश में अच्छी बारिश होगी। मानसून ब्रेक की स्थिति थी वह समाप्त हो गई है।
**डॉ. एचपी चंद्रा**, मौसम विज्ञानी छग

## मादक पदार्थ पीने के साधन गोगो पेपर उपलब्ध कराने वालों पर केस

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

मादक पदार्थ पीने का साधन गोगो पेपर बेचने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि थाना वैशाली नगर में सड़क 18 नंबरा रोड़ कैम्प-1 स्थित पान ठेले मे कैम्प-1 18 न रोड़ सुभाष चौक निवासी राम मोहन साहू के पान ठेले में मादक पदार्थ पीने का साधन गोगो पेपर जब्त किया।



मादक पदार्थ पीने का साधन गोगो पेपर बेचने से मना किया गया था। उसके बाद भी राम मोहन साहू अपने पान ठेले में मादक पदार्थ पीने का साधन दिया था। प्रतिबंधित करने के लिए कैम्प 1 निवासी राम मोहन साहू, भूपेन्द्र साहू,संजय कुमार गेडाम, केम्प 1 संजय कुमार मेहर को पकड़ गया गै। सर्कुलर मार्केट के पास भिलाई मे गोगो बेचने की शिकायत की बात को लेकर वाद विवाद कर काफी गाली गलौज हो रहे जिससे मोहल्ले साथ ही एक अपचारी बालक भी पकड़ाया गाय है। आरोपी भूपेन्द्र साहू संजय कुमार मेहर पर भी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

## मजदूर की काम के दौरान मौत के मामले में फैक्ट्री संचालक पर केस

**भिलाई।** फैक्ट्री में काम करते समय भारी वजनदार सामान गिरने से एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा मजदूर घायल होने के मामले में पुलिस ने फैक्ट्री संचालक के खिलाफ अपराध काम किया है। घटना 16 दिसंबर 2014 की है। जामुल पुलिस ने बताया कि फौजी नगर रविदास नगर वार्ड 25 जामुल निवासी प्रीतराम साहू नियोटेक फाउंड्रीज कंपनी इंडस्ट्रीयल एरिया में कार्यरत था। काम के समय उसके सिर पर लोहे का भारी वजनदार सामान गिर गया। घटना में दो मजदूर चपेट में आए थे। जिसमें प्रीतराम की मौत हो गई। दीनदयाल साहू को चोट आई थी। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने नियोटेक फाउंड्रीज कंपनी इंडस्ट्रीयल एरिया भिलाई का जांच किया। इस दौरान जानकारी सामने आई कि फैक्ट्री संचालक द्वारा कर्मियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता नहीं किया था। जिसके कारण कर्मी की मौत हुई थी।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम दुर्ग में प्रशासनिक फेरबदल

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग में प्रशासनिक व्यवस्था एवं विभागीय कार्यों के सुचारू संचालन हेतु अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव किया गया है। आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार सहायक ग्रेड-3 अभ्युदय मिश्रा को उनके वर्तमान कार्यों के साथ-साथ प्रभारी बाजार अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। वहीं सहायक राजस्व निरीक्षक ईश्वर वर्मा को बाजार अधिकारी के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है, जबकि उनके अन्य दायित्व यथावत रहेंगे। इसके अलावा सहायक ग्रेड-3 तिलक नवरंग को बाजार विभाग से स्थानांतरित कर लाइसेंस शाखा में पदस्थ किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

### वनांचल सिटी के पीछे जुआ खेलते 5 पकड़ाए

**भिलाई।** जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा। जुआरियों के पास से पुलिस ने ताश की 52 पत्ती और नगदी 14700 रुपए जब्त किया। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आम्रपाली वनांचल सिटी के पीछे 32 एकड़ भिलाई में कुछ लोगों द्वारा रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। जामुल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी। जहां से जुआरी बैकुंठधाम छावनी निवासी नंदलाल सोनकर, भुनेश्वर खुटेल, राजू कुरैशी उर्फ शरीफ, कसाई पारा केम्प-2 आयान कुरैशी और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा समेत अन्य पुलिस कर्मियों का योगदान रहा।

### युवक के साथ मारपीट

**भिलाई।** थाने में युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराना पीड़ित को भारी पड़ गया। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। जामुल पुलिस ने बताया कि अप्पू मेश्राम नामक युवक को शिकायत मिली कि एसीसी लेबर कैम्प में चोरी मारपीट की वारदात हो रही है। जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने उसे दिया फिर अप्पू ने पुलिस में युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया। तीन आरोपी जेल पहुंच गए। जेल से छुटकर आने ते बाद अप्पू बेटी को लेकर कहीं जा रहा था। तभी युवकों ने इसका पीछा किय पीड़ित अपनी जान बचाकर छिप गया। फिक दोबारा आरोपी युवकों ने पीड़ित का पीछा करते हुए लोहे के रॉड से हमला कर घायल कर दिया।

## सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करने वाले 17 लोगों पर कार्रवाई



**भिलाई।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की टीम ने मंगलवार को सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों पर कार्रवाई की। 17 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। इन पर 1430 रुपए जुर्माना भी लगाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के निर्देशन व जिला नोडल अधिकारी डॉ. श्रवण दानोरिया के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक भूमिका वर्मा के सानिध्य में यह कार्रवाई चली। थाना मोहन नगर के सहयोग से दुर्ग के ग्रीन चौक, रेलवे स्टेशन व स्कूल व कॉलेज, होटलों, पान ठेलों आस पास टीम पहुंची। शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध है। धूम्रपान रहित क्षेत्र व 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंध है।

## गौरवपथ पुलिया के पास की नाली टूटी, पानी निकासी हो रही प्रभावित



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 2 अंतर्गत शहर के विकास को ध्यान में रखते हुए रामनगर में पेवर ब्लाक, गौरव पथ स्वीकृत नाली एवं रोड निर्माण का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

आयुक्त ने वार्ड 26 रामनगर स्कूल मैदान के डोम शेड के नीचे पूर्व से लगे पेंविंग कार्य का अवलोकन किए। रोड किनारे चल रहे पेवर ब्लाक कार्य का निरीक्षण कर शेष कार्य को पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। गौरव पथ स्थित पुलिया के समीप नाली क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण पानी निकासी में समस्या आ रही है। इस नाली निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति प्राप्त किया गया है, निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य कराया जाएगा। रामनगर मुक्तिधाम से लगा हुआ रोड जर्जर हो गया है। रोड निर्माण हेतु शासन से स्वीकृति मिली है।

## नेचुरल आइसक्रीम की फ्रेंचाइजी का झांसा देकर लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

**मोहन नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना**

नेचुरल आईसक्रीम की फ्रेंचाइजी का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध कायम किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि श्रेय निकेतन 271 ,आर्य नगर संजना जैन के मोबाइल पर अज्ञात ने नेचुरल आईसक्रीम का फ्रेंचाइजी देने के नाम पर अलग अलग किस्तों मे 4.24 लाख रुपये का ठगी किया। महिला से नेचुरल आइसक्रीम फ्रेंचाइजी के नाम पर आनलाईन ठगी किया गया। इसे लेकर पीड़िता ने राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन (1930) पर भी शिकायत किया है। लगातार हो रहे ठगी को लेकर दुर्ग पुलिस जागरुकता अभियान भी लगातार चला रही है।









**खबर संक्षेप**

### पैनल रेंट को लेकर स्टील चेंबर की बैठक आज

**भिलाई।** लीज रिन्युवल की तरह प्रति माह लगने वाले पैनल रेंट की वसूली के खिलाफ भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स के व्यापारियों द्वारा उच्च न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराया जाना है। यह प्रकरण स्थानीय सरकार, नगर पालिक निगम भिलाई एवं रिसाली, भिलाई इस्पात संयंत्र के नाम पर दर्ज किया जाना है। उच्च न्यायालय से निवेदन किया जाएगा कि ट्रेड चेंज बिल्डिग वायलेशन सहित अनेक प्रकरणों पर अनावश्यक दंड से एवं निवासियों को राहत प्रदान करने में आदेश जारी करें। इसे लेकर 13 अगस्त को दोपहर 12 बजे कॉफी हाउस सेक्टर-10 में बैठक बुलाई गई है। संगठन के ज्ञानचंद जैन ने कहा कि संयंत्र के द्वारा वन टाइम पेनल्टी को लेकर निर्माण को वैद्य करने के आदेश पूर्व में जारी किए गए थे। उस आदेश को पुनः लागू कराया जाएगा। लागू नहीं करने की स्थिति में स्थानीय सरकार जिसको स्थानीय स्तर पर नियमित करने का अधिकार है। उपरोक्त संदर्भ में अधिवक्ताओं की सलाह लेकर प्रकरण दर्ज कराया जा रहा है। इस विषय को लेकर ही बैठक बुलाई गई है।

### सुधादेवी के नेत्र व त्वचा का किया महादान



**दुर्ग।** स्मृति नगर भिलाई निवासी सुधा देवी जैन के निधन के पश्चात जैन परिवार ने उनके नेत्रदान एवं त्वचा दान कर समाज को मिसाल दी है। सुधा देवी जैन के नेत्रों से दो परिवार रौशन होंगे व दो नेत्रहीन व्यक्ति फिर से दुनिया देख सकेंगे और जरूरतमंद लोगों को त्वचा मिल सकेगी। सुधा देवी जैन के निधन के पश्चात उनके पुत्र संदीप जैन, सीमांत जैन, श्रीकांत जैन, सुशांत जैन, पुत्री रीता, सरिता, सीमा, रुचिता व सुचिता एवं बहु साक्षी, राखी, श्वेता जैन, पौत्र श्रेयांश संजय जैन ने नेत्रदान एवं त्वचादान का निर्णय लिया। जैन परिवार के दामाद नीरज जैन एवं नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य राज आढ़तिया, रितेश जैन, राजेश पारख के सहयोग से नेत्रदान एवं त्वचादान सम्पन्न हुए। श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज जुनवानी के डॉ उत्कर्ष बंसल, डॉ. कल्याणी, डॉ. सृष्टि एवं विवेक कसार ने नेत्रदान प्रक्रिया किया।

# मंत्री के सामने शिकायत... मिड-डे मील में काम के लिए मांगी जा रही रिश्वत
# नौकरी में बहाली के नाम पर कर्मी से अफसर ने की डेढ़ लाख की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे दुर्ग पहुंचे। उन्होंने बीजेपी कार्यालय पहुंचकर बीजेपी के विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक की।

महज घंटेभर की इस बैठक में विधायकों और पदाधिकारियों ने प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर जमकर शिकायत की। बीजेपी के सिकोला-पटरीपार मंडल के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने शिक्षा विभाग में अफसरों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की खुलकर शिकायत की। उन्होंने लिखित में कहा कि मिड डे मील के नोडल अधिकारी सीधे तौर पर महिला समूहों से रिश्वत की मांग कर रहे हैं। पुराने समूहों से पैसे लेकर उन्हें पुनः काम दे दिया गया है। इसी प्रकार एक व्यक्ति जिन्हें किसी मामले में कोर्ट से निलंबित कर दिया गया था। कोर्ट ने उनकी बहाली का आदेश दिया, उनसे डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत की मांग की गई है। उन्होंने नाम सहित उन अधिकारी के खिलाफ शिकायत की। उन्होंने यह भी कहा कि उक्त नोडल यह कहते हैं कि डीईओ को भी पैसा देना है। डीईओ से जब इस बारे में बात की गई, तो उन्होंने ऐसी किसी भी बात से इंकार कर दिया। इस प्रकार भाजपा के अन्य पदाधिकारियों ने अपनी शिकायत में कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के मामले में पुलिस बिना जांच के सीधे अपराध दर्ज कर रही है। लगातार ऐसा हो रहा है। कुछ लोगों ने बैठक में गुप्त शिकायत की। विजय शर्मा ने का कि दी गई सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा।

**उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुंचे बीजेपी कार्यालय, विधायक और पदाधिकारियों से की चर्चा**

#### विधायकों की कोर कमेटी बैठक में विकास कार्यों को लेकर रखे गए सुझाव

विजय शर्मा ने विधायकों के कोर कमेटी की बैठक ली। इस दौरान विधायक रिकेश सेन, गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर, ईश्वर साहू सहित अन्य मौजूद थे। विधायकों ने डीएमएफ में होने वाली अनियमितता से अवगत कराया। विधायकों ने स्वीकृत कार्यों, निविदा प्रक्रिया में विलंब, फंड से जुड़े विषय से प्रभारी मंत्री को अवगत करया। आयोजित बैठक में अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, तेलघानी बोर्ड आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, कांतिलाल बोथरा, जितेंद्र वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। प्रभारी मंत्री ने विधायकों से उनके क्षेत्र में होने वाले कामों के बारे में भी पूछा।




## अनियमितता : विधायक गजेंद्र यादव ने किया औचक निरीक्षण, मिली खामियां
# यशोदा हॉस्पिटल में अव्यवस्था, नदारद मिले डॉक्टर, वार्डों में नहीं थे एसी-कूलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भिलाई-दुर्ग में संचालित नर्सिंग होम और हॉस्पिटल में नर्सिंग होम एक्ट के नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। लगातार शिकायतों के बाद भी इन हॉस्पिटल में निर्धारित सुविधाएं मरीजों और उनके परिजनों को नहीं मिल पा रही है। एक दिन पहले दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव गुरुद्वारा रोड स्थित यशोदा नंदर चिल्ड्रन हॉस्पिटल पहुंचे, जहां अनियमितता देखकर उन्होंने जमकर नाराजगी व्यक्त की। वे अपने किसी कार्यकर्ता के बच्चे को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे थे। उन्होंने तत्काल ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर को बुलवाया, लेकिन मौके पर कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। पूछने पर पता चला कि कोई वार्ड ब्वाह है, उसे बुलाया गया। डॉक्टर को फोन किया गया, इसके बाद हॉस्पिटल के डायरेक्टरों में से एक डॉ. रितेश वाल्मीकि मौके पर पहुंचे। विधायक ने उनके सामने नाराजगी जताई। तत्काल सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी को फोन कर वस्तु स्थिति की जानकारी दी गई। इसके बाद डॉ. दानी मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल हॉस्पिटल की जांच के लिए दो सदस्यीय दल का गठन किया। इसमें नर्सिंग होम के नोडल डॉ. श्रवण धनोरिया और आयुष्मान योजना का काम देख रहे देवेश त्रिवेदी को जांच कमेटी में शामिल कर जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया।

**सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने दो सदस्यीय जांच दल का किया गठन**




#### एक्ट के अंतर्गत जारी गाइडलाइन का नहीं हो रहा था पालन

जानकारी के मुताबिक हॉस्पिटल में नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत जारी गाइडलाइन का पालन नहीं हो रहा था। नर्सिंग होम एक्ट 2010 नर्सिंग होम और क्लिनिकल प्रतिष्ठानों को लाइसेंस देने और मानकीकरण सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया है। ताकि स्वास्थ्य देखभाल में सुधार हो सके। इसके तहत अस्पतालों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित होने वाले अस्पतालों पर जुर्माना या बंद करने का प्रावधान है। 10 बिस्तर तक के अस्पतालों के लिए ऑनलाइन आवेदन और सभी शर्तों को पूरा करने के हलफनामे के साथ लाइसेंस जारी किया जाता है। 11 से 30 बिस्तर के अस्पतालों के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के बाद ही लाइसेंस जारी होता है। नियमों के उल्लंघन पर कम से कम छह महीने की कैद और 10,000 रुपए के जुर्माना का भी प्रावधान है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए इसे लागू किया गया है।

#### लिफ्ट का पंखा बंद, वार्डों में नहीं थे एसी-कूलर

विधायक गजेंद्र यादव रात करीब 9 बजे हॉस्पिटल पहुंचे। इस दौरान लिफ्ट का पंखा बंद था। वार्ड में भर्ती बच्चों को देखने के लिए डॉक्टर नहीं मिले। वार्ड में सिर्फ पंखा चल रहा था। एसी-कूलर के इंतजाम नहीं थे। इस वजह से उमस और गर्मी से भर्ती बच्चे और उनके परिजन खासे परेशान हो रहे थे। बैठने तक की व्यवस्था नहीं थे। परिजन सीढ़ियों, टेबल में बैठे हुए थे। सफाई के अभाव में वार्डों में अलग सी स्मैल भी आ रही थी। भर्ती मरीजों की सही तरह की देखभाल नहीं हो रही थी। इस पर विधायक ने जमकर नाराजगी व्यक्त की।

#### आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिल रहा था मरीजों को

आयुष्मान कार्ड को लेकर मरीजों ने विधायक को बताया कि इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ट्रीटमेंट भी सही तरह से नहीं हो रहा। जांच के नाम पर ज्यादा पैसे लिए जा रहे हैं। इलाज सामान्य हॉस्पिटल से महंगा है, लेकिन सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। विधायक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली कि क्या इस हॉस्पिटल में नियमित रूप से जांच की जा रही है। यदि जांच हो रही है तो इस प्रकार की दिक्कत क्यों है। उन्होंने कहा कि शहर के सभी प्राइवेट हॉस्पिटलों की जांच कराए जाए। मरीजों या उनके परिजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

#### अनियमितता पर जांच

अनियमितता की शिकायत मिली थी। इसके बाद जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच दल में नर्सिंग होम एक्ट के नोडल डॉ. श्रवण धनोरिया और आयुष्मान का काम देख रहे देवेश त्रिवेदी को शामिल किया गया है। दोनों को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
**-डॉ. मनोज दानी,** सीएमएचओ दुर्ग

#### कलेक्टर से भी की है शिकायत

हॉस्पिटल में अव्यवस्था मिली। इसके अलावा परिजनों ने भी शिकायत की थी। मामला लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा है, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। शहर के सभी नर्सिंग होम और हॉस्पिटल में नियमित जांच होनी चाहिए, ताकि वास्तविक जानकारी मिल सके। अधिकारियों से जांच के लिए कहा गया है। कलेक्टर से शिकायत की है।
**-गजेंद्र यादव,** विधायक दुर्ग शहर

## सरकारी अस्पतालों में नहीं सुविधा, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बिलासपुर हाईकोर्ट द्वारा प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की बदहाल स्थिति पर जताई है। कोर्ट की सख़्त नाराज़गी ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य विभाग की पोल खोल दी है। अस्पतालों में इलाज के नाम पर हो रही लापरवाही, दवाओं की कमी, डॉक्टरों की अनुपस्थिति और बदइंतजामी से जनता का जीवन दांव पर लगा है।

■ सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत में अंतर

जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के प्रवक्ता जावेद खान ने कहा कि न्यायालय की टिप्पणियां यह साबित करती हैं कि सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर है। मरीज इलाज के इंतजार में तड़प रहे हैं, उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही, और सरकार केवल दिखावटी दावे करने में व्यस्त है। ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला अस्पताल तक की स्थिति चिंताजनक है। कई केंद्रों में डॉक्टर नहीं, दवाएं नहीं, और ज़रूरी उपकरण बंद पड़े हैं। बिलासपुर हाईकोर्ट ने भी यह सवाल उठाया है कि आखिर जनता को उनके अधिकार का बुनियादी स्वास्थ्य ढांचा क्यों नहीं मिल रहा?

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जो स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं आम जनता को उपलब्ध थीं। उन्हें मौजूदा सरकार ने या तो बंद कर दिया है या कमजोर कर दिया है। दवाई वितरण, निःशुल्क जांच, और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल हेल्थ यूनिट जैसी सुविधाएं अब नाम मात्र रह गई हैं। सरकार ने सुधार की दिशा में काम नहीं किया तो कांग्रेस को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### आवास का संकट, श्रमिकों ने दी आंदोलन की चेतावनी



**भिलाई।** छत्तीसगढ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति के बैनरतले आवास को लेकर बैठक की गई। समिति के कलादास डेहरिया ने बताया कि भिलाई औद्योगिक क्षेत्र में कई मजदूर बस्तियां हैं, जिन्हें आए दिन बुलडोजर चलने का डर सता रहा है। बस्तियों को तोड़ने के खिलाफ मजदूरों ने संघर्ष किया। उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। आज वे अपने आवास को बचाने मे सफल रहे। लेकिन आवास का संकट बना हुआ है। श्रमिकों ने न वेतन स्लिप दी जा रही है, न बोनस न पीएफ और न ही ईएसआई की सुविधा मिल पा रही है। बैठक में महेश साहू, सुमित्रा, सुभाष, राजेश, लक्ष्मी, सावित्री, किरण, देव चंद, बेबी खातुन, शांति, नीरा, सुरेन्द्र मोहन्ती, कंचन, पुष्पा सहित अन्य मौजूद थे।

## पेंशनधारियों को अब वार्षिक डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट से करवाना होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम एवं समाज कल्याण विभाग ने पेंशनधारियों के वार्षिक सत्यापन की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन प्राप्त करने वाले सभी पात्र लाभार्थियों को अपना वार्षिक सत्यापन डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट ऐप के माध्यम से कराना अनिवार्य होगा। विभाग ने चेतावनी दी है कि जो भी लाभार्थी समय पर सत्यापन नहीं कराएंगे, उनकी पेंशन भुगतान प्रक्रिया रोक दी जाएगी। विभाग के अधिकारियों के अनुसारए यदि कोई भी पेंशनधारी समय सीमा के भीतर वार्षिक सत्यापन नहीं कराता है, तो उसकी पेंशन अगले माह से रोक दी जाएगी। ऐसे में पेंशनधारियों को आर्थिक परेशानी से बचने के लिए तुरंत प्रक्रिया पूरी करनी चाहिए। पहले पेंशन सत्यापन के लिए लाभार्थियों को कई दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन अब मोबाइल पर मौजूद डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट ऐप के जरिए यह काम आसानी से पूरा किया जा सकता है। ऐप के माध्यम से ऑनलाइन डाटा अपडेट होगा।

■ सत्यापन नहीं कराने परा पेंशन भुगतान रूकेगा

#### इन योजनाओं के लिए जरूरी है यह सत्यापन

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना।

**आवश्यक दस्तावेज और शर्तें** : पेंशनधारी को सत्यापन के समय स्वयं उपस्थित होना पड़ेगा। मोबाइल फोन साथ लाना जरूरी है, जिससे ऐप के जरिए सत्यापन किया जा सके। सत्यापन के लिए लाभार्थी अपने वार्ड के एआरआई या राजस्व विभागए कमरा नंबर 3, नगर पालिक निगम दुर्ग से संपर्क कर सकते हैं।

**डिजिटल व्यवस्था से मिलने वाले फायदे** : नई डिजिटल प्रक्रिया से पेंशनधारियों को लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा। यह प्रणाली तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक है। साथ ही सभी डाटा तुरंत अपडेट होकर रिकॉर्ड में दर्ज हो जाएगा, जिससे किसी भी तरह की गड़बड़ी की संभावना कम होगी। जागरूकता संदेश आपकी पेंशन आपका हक है, लेकिन वार्षिक सत्यापन आपकी जिम्मेदारी है, समय पर करें, पेंशन पाएं।

## मिनीमाता की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि



**दुर्ग।** सेवा, सादगी और संघर्ष की प्रतिमूर्ति ममतामयी माता मिनीमाता की पुण्यतिथि पर दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा मिनीमाता चौक पुलगांव में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

पूर्व विधायक अरुण वोरा सहित कांग्रेसजन, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर अरुण वोरा ने कहा छग की पहली महिला सांसद, गुरु मां मिनीमाता का जीवन समाज सेवा के उच्चतम आदर्शों का जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने दलित, वंचित और शोषित वर्ग की आवाज़ को संसद तक पहुंचाया और महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय व जनकल्याण के लिए सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका त्याग, तपस्या और सेवा भाव हमारे लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम में विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, अरुण वोरा सहित पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष आरएन वर्मा, छत्रसाल गायकवाड़, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, ब्लॉक अध्यक्ष अजय मिश्रा, नंदू महोबिया, आसिफ अली, रत्ना नारमदेव, वंदना राठौर, अशोक मेहरा, राजेन्द्र खुटेल, सुधीर चंदेल, कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पर्यावरण को बचाने के लिए आदिवासियों की समृद्धशाली संस्कृति से लें सबक : डॉ. रंजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने आदिवासी क्रांतिकारी जननायकों के बलिदानों को स्मरण करते हुए उनके तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। प्राचार्य कहा कि आदिवासी समृद्धशाली संस्कृति के मालिक हैं। वे पर्यावरण के संरक्षक हैं। देश के उत्थान में आदिवासी क्रांतिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। उनकी संस्कृति उनके योगदानों का साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से उल्लेख होना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि आज की संस्कृति में प्रकृति के संसाधनों का अधिक से अधिक दोहन कर पर्यावरण, जलवायु को क्षति पहुंचा रहे हैं। उसका परिणाम हमें विभिन्न बीमारियों एवं जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदा, विनाश के रूप में भुगतना पड़ रहा है। आदिवासी संस्कृति से सबक लेते हुए प्रकृति, संस्कृति एवं पर्यावरण को बचाने हेतु संकल्प लेना चाहिए। डॉ. जागृत ठाकुर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम आयुषी सिंह, द्वितीय हेमपुष्पा, तृतीय संतोषी तथा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम हेमपुष्पा, द्वितीय वैदेही एवं श्वेता ठाकुर तृतीय स्थान पर रहीं। आदिवासी वेशभूषा में भावना, मुस्कान, ललिता, थामेश्वरी, लिकेश्वरी उपस्थित रही। कविता मालेकर, तृप्ति साहू ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुक्ता बाखला ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

■ महाविद्यालय में आदिवासी दिवस का आयोजन

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश ने किया भूमिपूजन, ग्रामीण ललित चंद्राकर हुए शामिल
# अंजोरा में बनेगा शिवनेरी स्वागत द्वार, शिवाजी की प्रतिमा होगी स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्रपति शिवाजी स्मारक समिति दुर्ग द्वारा बहुप्रतीक्षित शिवनेरी स्वागत द्वार एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की विशाल प्रतिमा निर्माण का भूमि पूजन अंजोरा ख में हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर ने की। विशेष रूप से अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व केबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू, दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन एवं जनपद के पूर्व अध्यक्ष मोहन लाल हरमुख उपस्थित थे।

■ शिवाजी महाराज को राष्ट्र और धर्म के लिए प्रेरणा स्रोत



ललित चन्द्राकर ने शिवाजी महाराज को राष्ट्र और धर्म के लिए प्रेरणा स्रोत बताते हुए, स्वागत द्वार एवं प्रतिमा निर्माण के लिए संपूर्ण राशि देने की घोषणा की।

#### हिंदुत्व के प्रतीक थे शिवाजी

कोर्सेवाड़ा ने शिवाजी महाराज के सामाजिक सद्भाव एवं भेदभाव रहित समाज निर्माण के योगदान को रेखांकित किया। जागेश्वर साहू ने उन्हें हिंद स्वराज का संस्थापक बताते हुए कहा कि वे किसी एक जाति के महापुरुष नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदुत्व के प्रतीक थे। कुंवर सिंह निषाद ने शिवाजी महाराज को जनता का सच्चा राजा बताते हुए उनके विचारों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का आधार बताया और उन्हें राष्ट्रीय चेतना एवं समाज के प्रणेता के रूप में संबोधित किया। समिति अध्यक्ष संजय देशमुख ने स्वागत भाषण दिया।

आभार प्रदर्शन मोहन हरमुख ने किया। समारोह का संचालन जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष महेन्द्र सिन्हा ने किया। कार्यक्रम प्रभारी सरपंच संतोष सारथी रहे। इस अवसर पर पूर्व महापौर आरएन वर्मा, गोपेंद्र किशोर बेलचंदन, मराठा समाज के नेता संजय दानी, तेजबहादुर बंछोर, कौशल वर्मा, रोशन वर्मा, मातृसंघ पदाधिकारी पवन दिल्लीवाल, डॉ. नीलम देशमुख, महिला अध्यक्ष प्रीति देशमुख, कल्पना देशमुख, पुष्पा देशमुख, कौशल देशमुख, सुकदेव यादव, हेमन्त देशमुख, धनेश देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।

#### सभी धर्मों के प्रति सम्मान का प्रतीक

भूपेश बघेल ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, युद्धनीति, मातृ एवं गुरु-प्रेम, समाज और धर्म के प्रति उनकी निष्ठा पर अनेक प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख किया। उन्होंने शिवाजी महाराज को किसानों, महिलाओं एवं सभी धर्मों के प्रति सम्मान का प्रतीक बताते हुए, उनके विचारों को रामराज्य का आधार कहा। साथ ही उनके विचारों को आत्मसात करने जोर दिया।



# मैत्रीबाग जू की फीकी हो रही चमक, अधिकतर कैज में चमक रहे लोकल पक्षी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण और प्रबंधन की उदासीनता मैत्रीबाग जू पर्यटकों पर भारी पड़ रही है। लंबे समय से आकर्षक जानवरों के यहां नहीं लाए जाने से चिड़ियाघर की चमक फीकी पड़ती जा रही है। मैत्रीबाग में जानवरों की संख्या सिमटते जा रही है और अधिकतर कैज में लोकल परिंदे चहक रहे हैं या खाली हैं। सैलानियों ने जल्द आकर्षक देशी, विदेशी आकर्षक जानवर व पक्षियों को अन्य जू से लाए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्तेभर से खिली धूप और हल्की बदलियों वाले खुशनुमा मौसम के चलते मैत्रीबाग में पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। लेकिन सैलानियों को खासकर बच्चों को निराश होना पड़ रहा है। इसकी वजह यहां जानवरों व पक्षियों की लगातार कम होती तादाद है। पिछले लंबे अर्से से मैत्रीबाग में नए जानवर व परिंदे नही लाए गए हैं। कई जानवर व परिंदों की मौत हो चुकी है और अनेक वन्य प्राणी वृद्ध हो चुके हैं। अनेक सिंगल हैं और कई जानवरों के एनक्लोजर खाली पड़े हैं। जू काम्पलेक्स में अधिकतर कैज में लोकल पक्षियों की भरमार है। इससे यहां आने वाले ट्विनसिटी के साथ अंचल के लोगों को निराश होना पड़ रहा है। अन्य जू से यहां नए वन्य प्राणी नहीं आने की वजह सेंट्रल जू अथारिटी के कैज के कड़े व पेंचीदा नार्म्स के अलावा प्रबंधन की उदासीनता भी बताई जा रही है। पर्यटकों ने बताया कि मैत्रीबाग में पंद्रह बीस साल पहले वन्य प्राणियों की रौनक फिर से लाने बजट बढ़ाए जाने की भी जरुरत है। बीएसपी जानवरो की खुराक आदि पर अधिक बजट की झंझट से बचने के लिए नए जानवरों में कम रुचु दिखा रहा है। आकर्षक देशी विदेशी जानवरों के आ जाने से कीर्तिमानी उत्पादन करने वाले बीएसपी कर्मियों व परिवार के मनोरंजन के साथ मैत्रीबाग की आय भी बढ़ेगी।

## कई जानवर हो चुके उम्रदराज व हैं सिंगल, नहीं लाए जा रहे आकर्षक वन्य प्राणी



### जू काम्पलेक्स में आधा दर्जन कैज पड़े हैं खाली

मैत्रीबाग जू में एक ओर आकर्षक जानवर सिमट रहे हैं वहीं जू काम्पलेक्स में भी अधिकतर लोकल पक्षी चहचहा रहे हैं। यहां आधा दर्जन कैज में दो दर्जन तोते और अन्य कैजों में कबूतर, बतख, दो प्रजाति के उल्लू, 4 चील, साही, लव बर्ड्स के अलावा गोह, कबरबिज्जू, ग्रामीणों द्वारा लाए गए 3 अजगर, एक दर्जन खरगोश, सफेद चूहे, 9 बंदर हैं। इनके अलावा 5 मोर, 1 सारस, 1 बस्तर का कड़कनाथ मुर्गा, दर्जनभर पेलिकान बर्ड व विदेशी पक्षी में मात्र 1 एडजूटेंट स्टार्क, 2 ईमू बर्ड हैं। आधा दर्जन कैज खाली हैं। पक्षियों के अतिरिक्त जानवरों में रायल बंगाल टाइगर का कैज खाली है यानी एक भी नही है। छह वाईट टाईगर यहां हैं। एकमात्र लायन व तेंदुआ उम्रदराज हो चुका है। इनके अलावा यहां दो भालू,लकड़बघ्घे, लोमड़ी, हिरण, नील गाय आदि कुछ जानवरी ही हैं।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीण विधायक ललित ने किया थाली वितरण

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की उपस्थिति में ग्राम अंजोरा में उभय राम साहू के जन्म दिन के उपलक्ष्य में प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, थनौद के 183 छात्र-छात्राओं को स्टील की थालियाँ प्रदान की गईं। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बच्चों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उभय राम की बेटी जनपद सदस्य संगीता साहू, बेटा उपसरपंच माखन साहू, हरि सारथी, आशीष सिंह, प्राचार्य होरी लाल चतुर्वेदी, शिक्षिका अंजुलता त्रिपाठी, मनोज गुप्ता, उमा राठौर, सुमाशीन ऐलन, अभिलाष साहू सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद करेगी, बल्कि बच्चों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में भी जागरूक करेगी। विधायक ललित चंद्राकर की इस पहल की सराहना करते हुए, ग्राम अंजोरा के निवासियों ने उनका आभार व्यक्त किया है।

### राष्ट्रीय महामंत्री से सामाजिक और राजनीतिक विषय पर चर्चा



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय नई दिल्ली में भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश धनकर ने भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष से सौजन्य भेंटकर सामाजिक एवं राजनीतिक विषय पर चर्चा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## बीएसपी : उच्च प्रबंधन के आश्वासन के बाद भी नहीं मिला 39 महीने का एरियर्स

# आठ साल से अपूर्ण है सेल वेतन समझौता कर्मचारियों को हो रहा दोतरफा नुकसान

## कर्मियों में बढ़ रहा असंतोष, यूनियनें विसंगतियों को दूर कराने बढ़ाएंगी दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सेल के हजारों कर्मचारियों का वेतन समझौता अब तक अपूर्ण होने से उन्हें दोतरफा नुकसान हो रहा है। प्रबंधन के आश्वासन के बाद भी अब तक बकाया एरियर्स का भुगतान हुआ है और न ही अन्य सुविधाएं ही मिल रही हैं। सेल वेतन समझौता की विसंगतियों को दूर नही किए जाने से कर्मचारियों को 4 से 5 लाख रुपए का नुकसान हो रहा है। इससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों ने अब वेतन समझौता जल्द पूर्ण कराने के साथ लंबित एरियर्स भुगतान व इसके ब्याज की मांग की भी रणनीति बनाने में जुटी हैं।

उल्लेखनीय है कि सेल वेतन समझौता पिछले आठ साल से अपूर्ण है। यूनियनों के मुताबिक दिल्ली में हुई एनजेसीएस बैठक में सेल के इतिहास में पहली बार परिपाटी से हटकर प्रबंधन ने पांचों यूनियनों की सर्वसम्मति के बजाए बहुमत से निर्णय करवा लिया था। इसका यूनियनों ने पुरजोर विरोध कर लगातार पे रिवीजन समझौता की विसंगतियों को दूर करने की मागं की थी। इस दौरान केंद्रीय यूनियनों ने तीन बार देशव्यापी और सेलव्यापी हड़ताल की। यहां संयुक्त यूनियन द्वारा कई बार भिलाई इस्पात संयंत्र के गेटों के सामने धरना प्रदर्शन भी किया। लेकिन अब तक कोई ध्यान नहीं देने से हजारों कर्मियों को बकाया एरियर्स का भुगतान व एलाउंस नही मिला है। अब कर्मी लंबित एरियर्स सहित इस पर ब्याज की मांग की रणनीति बना रहे हैं। यूनियनों के मुताहिकमजदूरों के हक का पैसा यानी 39 माह का एरियर्स रोकना क्या वैध है । यह पैसा कर्मियों के मेहनत का है, जिस पर अफॉर्डेबिलिटी क्लाज लगाकर केंद्र सरकार और सेल प्रबंधन डाका डाल रहा है



### अफोर्डेबिलिटी क्लाज में उलझाया

सीटू ने बताया कि वेतन समझौता करने के नियम के अनुसार पिछला वेतन समझौता समाप्त होने के 6 माह पहले से ही अगला वेतन वार्ता शुरू किया जा सकता है । लेकिन प्रबंधन ने 2020 तक केंद्र सरकार के अफॉर्डेबिलिटी क्लाज में उलझ कर बैठक तक नहीं बुलाया है। अब 8 साल 7 महीना पूरे हो चुके हैं लेकिन वेतन समझौता पूर्ण नहीं किया गया। कर्मियों के वेतन समझौता के साथ इस तरह का

### अधिकारियों व कर्मियों के देयक में भेदभाव

सीटू ने बताया कि जब पेंशन फंड में मूल वेतन एवं महंगाई भत्ते का एक निश्चित प्रतिशत राशि देने की बात तय हो रही थी तब प्रबंधन ने जहां अधिकारियों के लिए 9 प्रतिशत निर्धारित किया था वहीं कर्मचारियों के लिए 6 प्रतिशत से ज्यादा ना दे पाने के लिए कई तर्क बताए, जबकि वे सारे तर्क अवैध थे । वास्तव में प्रबंधन अधिकारियों को तो किसी न किसी मद में पैसा देना चाहती है लेकिन जब कर्मियों की बारी आती है तो इस बात पर पूरी कवायद शुरू कर देती है कि मजदूरों का पैसा कैसे रोका जाए।

### नाइट अलाउंस में भी पक्षपात

सेल के विभिन्न संयंत्रों में रात्रि पाली में एक रात के लिए जहां अधिकारियों को 200 रुपए रात्रि पाली भत्ता मिलता है वहीं कर्मियों को 180 रात्रि पाली भत्ता दिया जाता है । ट्रेनी कर्मियों को भी स्थाई कर्मियों के बराबर रात्रि पाली भत्ता देने के लिए बार-बार बोलने के बावजूद ट्रेनी कर्मियों को 60 रुपए से बढ़कर 120 रुपए रात्रि पाली भत्ता किया गया है जबकि रात्रि पाली में तीनों जाग कर अपना काम करते हैं ऐसे में इस तरह का भेदभाव करना क्या प्रबंधन के लिए वैध है।

## ललित कला की राष्ट्रीय प्रदर्शनी में चित्रकला पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ अंकुश देवांगन सहित कई कलाकारों की भागीदारी

ललित कला अकादमी दिल्ली के रविन्द्र भवन आर्ट गैलरी की राष्ट्रीय आर्ट प्रदर्शनी में कई अंतर्राष्ट्रीय स्तर के चित्रकारों सहित ललित कला सदस्य व भिलाई के मूर्तिकार अंकुश देवांगन समेत ने भी भाग लिया। प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने किया। इस दौरान पद्मविभूषण मूर्तिकार रामसुतार, पद्मश्री प्रिंट मेकर श्याम शर्मा, संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल, ज्वाइंट सेक्रेटरी अमिता प्रसाद सरभाई, सेक्रेटरी इंचार्ज राजीव कुमार एवं उपाध्यक्ष डॉ. नंदलाल ठाकुर उपस्थित थे।

श्री देवांगन ने बताया कि प्रदर्शन प्रदर्शनी के पूर्व कमानी आडिटोरिम में नेशनल अवार्ड की घोषणा के साथ प्रदर्शनी का उद्घाटन और चित्रकला पर चर्चा हुई। संस्कृति मंत्री श्री शेखावत ने कहा कि भारत आज सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अभूतपूर्व दौर से गुजर रहा है। ऐसे में कलाकारों की भूमिका और भी ज्यादा प्रासंगिक हो जाती है, जो अपनी कला से देश को एकजुट करने का काम करेंगे। ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष डॉ. नंदलाल ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष का नेशनल एवार्ड राष्ट्रपति के हाथों दिए जाने की तैयारी चल रही है। इस आयोजन में ललित कला के बोर्ड मेम्बर और अंतरराष्ट्रीय स्तर के चित्रकार कृष्णा शेट्टी, डा. सुनील विश्वकर्मा, मारूति बाबूराव शेल्के, डा. ऋचा काम्बोज, किशोर कुमार, निरूपमा टांक, सुमन मजुमदार, गीता हडसन व मूर्तिकार अंकुश देवांगन उपस्थित थे।

# जिले में बनेंगे 17.33 लाख आयुष्मान कार्ड पंजीयन हुआ मात्र 14.97 लाख लोगों का

## जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने ली विभागीय समीक्षा बैठक, सभी विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

उपमुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने मंगलवार को विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि विभागों में नवाचार को बढ़ावा दिया जाए। अधिकारी कारगर एवं प्रभावी नवाचार करें। नवाचार के माध्यम से विभागीय कार्य प्रदर्शित हो। विभाग को अपने कार्य बताने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के पत्रों एवं सुझावों को गंभीरता से लें।

जनप्रतिनिधि लगातार जनता के बीच रहकर किसी व्यक्ति या वस्तु के प्रदर्शन या व्यवहार के बारे में जानकारी देते हैं। यह जानकारी किसी कार्य, प्रक्रिया या उत्पाद के बारे में हो सकती है और इसका उद्देश्य, विकास या सुधार को बढ़ावा देना है। अधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि जिले में आयुष्मान वय वंदन योजना के अंतर्गत 27366 पंजीयन हुआ है। ऑनलाइन परामर्श सत्र के माध्यम से 2148 हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 17.33 लाख आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। इसमें से 14.97 लाख का पंजीयन हो चुका है। बैठक में विधायक रिकेश सेन, गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर, ईश्वर साहू सहित अन्य मौजूद थे।




प्रभारी मंत्री ने कहा कि निकायों में कचरा निष्पादन के लिए अधिकारी जनप्रतिनिधियों के सुझाव के आधार पर प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रस्तुत करें।

### जिले में बन चुके 28,476 प्रधानमंत्री आवास

अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया कि जिले में 28476 आवास निर्माण हो चुका है। एक पेड़ मां के नाम पर 100411 पौधरोपण किया गया है। जिले में 16 अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र, सीएससी भवन स्वीकृत हैं। काम जारी है। जिले में 72 बर्तन बैंक स्थापित किए गए हैं। 47 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र संचालित हैं। स्वामित्व योजना अंतर्गत जिले में 381 ग्राम का सर्वे किया गया है। 82 गांव के 18125 अभिलेख वितरण हेतु तैयार कर लिया गया है। जिले में कुल 448 ग्रामों के कैडेस्ट्रल नक्शों का जिओ रिफ्रेंसिंग किया जाना प्रस्तावित है। 339 ग्रामों के जिओ रिफ्रेंसिंग के कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा 111 ग्रामों के जिओ रिफ्रेंसिंग शेष है।

### 804 घरों में लगे पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत सोलर पैनल

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के तहत 3854 पंजीयन हुआ है। अब तक 804 सौर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं। बैठक के प्रारंभ में विगत बैठक की पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। विधायकगणों ने भी आवश्यक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, एडीएम विरेन्द्र सिंह सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## सेक्टर 4 में अवैध खटाल से गंदगी, बीएसपी से हटाने की मांग, नगर सेवाएं अधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

**भिलाई ।** सेक्टर 4 सड़क के क्षेत्रवासियों ने भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर सड़क 30 और 31 के मध्य संचालित अवैध खटाल को हटाने की मांग की है। बताया है कि खटाल से माहौल अस्वच्छ और अराजक बना हुआ है। इससे आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में बताया कि सेक्टर 4 में सड़क 30 और 31 के बीच आलूगुंडा नाम के व्यक्ति ने राशन दुकान व मंदिर मध्य में अवैध खटाल खोलकर मवेशी पाले हुए हैं। इससे गोबर आदि गंदगी से क्षेत्रवासियों को परेशानी हो रही है। भारी गंदगी से मच्छरों की भरमार के साथ डेंगू का भी अंदेशा बना हुआ है।यहां आसमाजित तत्वों का जमावड़ा भी लगा रहता है, जिनके गालीगलौच आदि अराजक कृत्यों से राशन लेने और मंदिर जाने वाली महिलाओं को दिक्कत हो रही है।



क्षेत्रवासियों ने बताया कि यहां पार्क के दोनों बड़े गेट का ताला आलूगुंडा द्वारा तोड़ दिया गया है और रोड निकाल दिया गया है, ताकि गायों को चराने में सुविधा हो। पार्क में नगर निगम भिलाई द्वारा लगाए गए बोर का भी उपयोग मवेशियों को नहलाने के लिए किया जा रहा है। लोगों को निस्तार के लिए पानी की दिक्कत हो रही है। ज्ञापन में नगर सेवाएं व नगर निगम कमिश्नर से मवेशियो सहित अवैध खटाल का हटवाने की मांग की गयी है।

**तुलसी जयंती 17 को :** दुर्ग। श्री रामकथा सत्संग मानस संगोष्ठी के सदस्यों का तुलसी जयंती समारोह 17 अगस्त को विवेकानंद सभागार दुर्ग में आयोजित है। वक्ता कृष्ण कुमार पांडेय, आस्टोरिया वर्मा आदि होंगे।

होंठों को पतला-मोटा करें और आकर्षक बनायें. इंजेक्शन व लेसर व्दारा.
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

### सूर्यघर योजना की प्रगति देखने पहुंची पीएमओ डायरेक्टर



**दुर्ग।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति का जायजा लेने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) दिल्ली की डायरेक्टर शपूजा जैन दुर्ग पहुंची। उन्होंने दुर्ग शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में योजना के लाभार्थियों से मिलकर फीडबैक लिया। उनके साथ छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। श्रीमती जैन ने इस दौरान कई लाभार्थियों के घरों का दौरा किया। उन्होंने लोटस सिटी परसदा में अमिता आनंद एवं विजय कुमार दुबे, कैवल्य पार्क कुम्हारी की मोनिशा विस्वास, हुडको भिलाई के विनोद कुमार बैस, ग्राम गनियारी के गेंदलाल बंजारे एवं ग्राम मोरिद के अमर साहू से मुलाकात की।

**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## स्वच्छता संगम कार्यक्रम में निगम भिलाई को सम्मान, डॉक्यूमेंट्री लॉन्च




**भिलाई।** बिलासपुर में नगरीय प्रशासन विकास विभाग के कार्यक्रम स्वच्छता संगम 2025 में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। छत्तीसगढ़ में स्वच्छता को लेकर डाक्यूमेंट्री लॉच हुई। नगर निगम भिलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों में 7वें रैंक के साथ वाटर प्लस-प्लस, 3 स्टार रैंकिंग एवं छत्तीसगढ़ में तीसरा स्थान मिलने पर सम्मानित किया गया। स्वच्छता दीदीयों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, महापौर परिषद के सदस्य स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, बीरेन्द्र बंजारे, पीआईयू सुभम पाटनी, अभिनव ठोकने, युक्ति देवांगन सहित स्वच्छता दीदीयां उपस्थित रहे।

## कैडेट अनुराग ने सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स मीट में जीते दो कांस्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भुवनेश्वर में हुई केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई क्लस्टर-2 एथलेटिक्स मीट 2025 में सेल एथलेटिक्स अकादमी, भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रतिभाशाली कैडेट एवं बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 के छात्र अनुराग एक्का ने दो कांस्य पदक हासिल किए। उन्होंने ने 3000 मीटर और 1500 मीटर दोनों श्रेणियों में दमदार दौड़ लगाई। इसमें 3 सौ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उनकी उपलब्धि पर बीएसपी के उप महाप्रबंधक व ओलम्पियन राजेंद्र प्रसाद, बीएसपी एसपी एथलेटिक्स क्लब) के उपाध्यक्ष परविंदर सिंह, बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 की प्राचार्या सुमीता सरकार, उप प्रबंधक (क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग) श्री अभिजीत भौमिक ने हौसलाआफजाई की।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 2 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
माता वैष्णव देवी यात्रा
माँ वैष्णो देवी, शिव पोड़ी, अमृतसर स्वर्ण मंदिर, जलियावाला बाग, बाघा बार्डर, मथुरा, वृन्दावन, बांकेबिहारी लाल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, प्रेम मंदिर, श्रीकृष्ण-बलराम मंदिर, आगरा ताज महल
यात्रा दिनांक
11 सितंबर 2025
05 नवंबर 2025
11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

हरिभूमि लाइव


रायपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



03



वॉकिंग प्लैंक करते हुए भूल से भी ना करें ये गलतियां


सिटी इवेंट

## अखिल भारतीय उड़िया समाज ने महाप्रभु का चित्र भेंट किया



■ एबीयूएस ने विधायक से की मुलाकात, भगवान जगन्नाथ का चित्र किया भेंट

**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी के नेतृत्व में दुर्ग जिले के कोने कोने से समाज के प्रमुख पहुंचे। इस दौरान विधायक रिकेश सेन से समाज के लोग सैकड़ो की संख्या में विधायक से मुलाकात किया। विधायक सेन को समाज कि ओर से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा का चित्र भेंट किया। यह चित्र भिलाई अध्यक्ष पुरन नायक ने अपने हाथों से बनाया था। इस अवसर पर समाज के महासचिव तरुण निहाल, संरक्षक कृष्णा सोना, मीडिया प्रभारी डीके साहू, दयानिधि विभार, आशीष नंदा, दीपक सोना, ठाकुर निहाल, मनोज दीप, चितरु विभार, अर्जुन विभार, किशोर मोंगराज, राज सागर, गोविंद कालेत, सुंदर सोना, अनिल कुमार, गोपाल सोना, आनंद तांडी, सूरज कंधेर, राजू तांडी, भगत तांडी, सागर बाघ, दुर्गा सोना, लोकेश, नीरज, अभिषेक, गोपाल, सूरज, अमित, रुपचंद, कमलेश, राजू, दिलीप, मोंटू, आंनद समेत समाज के लोग मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## मैमोग्राफी कर की गई ब्रेस्ट कैंसर की जांच, किया लोगों को जागरूक



■ रूंगटा डेंटल कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई।** रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल सांइसेस भिलाई के ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग में बाल्को मेडिकल सेंटर के सहयोग से ब्रेस्ट कैंसर जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाल्को अस्पताल के मुख्य ऑन्कोसर्जन डॉ. रश्मि राय और उनकी टीम के नर्स और तकनीशियन उपस्थित थे, जिनके द्वारा जांच की गई। ब्रेस्ट परीक्षण पैप स्मीयर और मैमोग्राफी सुसज्जित मोबाइल वैन में की गई। शिविर में एक जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया। जहां प्रतिभागियों को नियमित जांच स्वयं स्तन जांच तकनीक और कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए जीवनशैली में बदलाव के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया। सभी उपस्थित लोगों को शैक्षिक सामग्री और परामर्श दिया गया। भिलाई के आसपास के आवासीय समुदायों से विभिन्न आयु वर्ग की 90 से अधिक महिलाओं ने शिविर में भाग लिया और लाभ उठाया। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष संजय रूंगटा ने शिविर में रोगियों की जागरुकता और इस पहल के लिए बाल्को टीम की सराहना की। कॉलेज के डीन डॉ. कार्तिक कृष्णा ने लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे शिविरों के महत्व पर ज़ोर दिया और प्रतिष्ठित संगठनों के सहयोग से भविष्य में ऐसे आयोजनों को किये जाने की बातें कही।

लाइव इवेंट

## हेरिटेज फेस्ट में छात्राओं ने अपने नृत्य कौशल से किया मंत्रमुग्ध, मिली सराहना



**भिलाई।** अक्षय पात्र कैंपस में हरे कृष्णा मूवमेंट द्वारा आयोजित भिलाई ऑर्गेनिशिंग हेरिटेज फेस्ट 2025 के अवसर पर नृत्य नाटिका का रंगारंग आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीपीएस मरोदा के विद्यार्थियों ने भाग लेकर नृत्य नाटिका में अपनी उत्कृष्ट, रोचक एवं दर्शनीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में स्कूल की आर्ट टीचर आरती सेन मालिक व जूही रॉय के निर्देशन में जूनियर विंग की छात्राओं में शाम्भवी शर्मा, शाम्भवी तिवारी, प्रविष्टि चंद्राकर, शनाया सिंघल, ऋषिता कश्यप, आश्रिता, यज्ञांशी वर्मा, डिंपी यादव, अवनि जैन, आरोही श्रीवास्तव, सौम्या वर्मा द्वारा श्रृंगार रस से ओतप्रोत गोपियां जब जल भरने जाती है नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। इस दौरान छात्राओं ने अपने विहंगम नृत्य एवं नाटकीय अभिनय के द्वारा उपस्थित जनमानस का मन मोह लिया। इस प्रस्तुति को श्रोताओं द्वारा बहुत सहाराना मिली।



● भक्ति का प्रतीक हिंडोला उत्सव की मंदिरों में धूम, धातु से निर्मित झूले पर विराजे युगल सरकार

# जन्माष्टमी तक हिंडोले पर विराजेंगे युगल सरकार और छट्ठी तक लड्डू गोपाल, अलग-अलग स्वरूप में सजेंगे कान्हा के झूले

भगवान कृष्ण और राधा के प्रेम और भक्ति का प्रतीक हिंडोला उत्सव मथुरा-वृंदावन की तर्ज पर इन दिनों ट्विनसिटी के राधा-कृष्ण मंदिरों में मनाया जा रहा है। ब्रज क्षेत्र में सावन से लेकर भादों महीने तक मनाया जाने वाला एक प्रमुख उत्सव है। इस उत्सव में हिंडोले (झूले) का विशेष महत्व है। इस दौरान भक्त कृष्ण और राधा की पूजा कर हिंडोलों पर झूलते हुए उनकी भक्ति में लीन होते हैं। यह उत्सव भक्ति और प्रेम का एक अद्भुत संगम है, जो भगवान कृष्ण की भक्ति में डूबने का अवसर प्रदान करता है।



**भिलाई।** ट्विनसिटी में जन्माष्टमी का पर्व 16 अगस्त को धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस अवसर पर सेक्टर 4 मां वैष्णव देवी मंदिर, नेहरु नगर के राधा-कृष्ण मंदिर में चंदन लकड़ी से बने झूले पर लड्डू गोपाल को बिठाया गया तो वहीं सेक्टर 6 के कृष्ण मंदिर में धातू से बने झूले पर युगल सरकार को विराजित कराया गया है। से 6 राधा-कृष्ण मंदिर के पुजारी सुनील द्वीवेदी महाराज ने बताया कि हिंडोला उत्सव सावन से शुरु होकर भादौ की चर्तुदशी तिथि तक चलता रहता है।

जिसमें भादौ के सप्तमी तक युगल सरकार की जोड़ी झूले पर और जन्माष्टमी से छट्ठी तक लड्डू गोपाल को हिंडोले की सेवा दी जाती है। मान्यता के अनुसार सावन माह में श्री कृष्ण के बाल स्वरुप की लीलाओं को याद कर यह उत्सव मनाया जाता है, जिसमें श्री कृष्ण के बाल स्वरुप की पूजा-अर्चना की जाती है। मंदिरों में वृंदावन की तर्ज पर साज-सज्जा कर, विभिन्न व्यजंन लड्डू गोपाल को अर्पित किया जाता है। राधा- कृष्ण मंदिर सेक्टर 6, नेहरु नगर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, महेश कालोनी दुर्ग कृष्ण मंदिर में मान्यता के अनुसार मंदिरों में डिंडोला उत्सव मनाया जा रहा है।



### बारी-बारी से झूलाया झूला

मंदिरों के पुजारियों के अनुसार, सालों पहले गोपियों ने भगवान कृष्ण को झूले में झुलाया था। इस दौरान झूले को फूलों व अनेक वस्तुओं से सजाया गया था, जिसके बाद श्री कृष्ण को गोपियों ने बारी-बारी से झूला झुलाते हुए लाड जताया। मान्यता के अनुसार हिंडोला पर्व पर प्रत्येक दिन मंदिर परिसर में झूला सजाया जाता है। रोजाना भिन्न-भिन्न सामाग्री से झूले को सजाया जाता है।

### राधा-कृष्ण का हरे वस्त्रों से किया श्रृंगार

सेक्टर 6 ब्रजमंडल के संरक्षक अतवीर सिंह राघव और पुजारी सुनील द्वीवेदी के जानकारी देते हुए बताया सेक्टर 6 का-कृष्ण मंदिर काफी पुराना है जिसका पुर्ननिर्माण 1992 में किया गया था तब से मंदिर में सावन में यह आयोजन किया जाता है। राधा-कृष्ण मंदिरों में शुरु हुए हिंडोला उत्सव में राधा-कृष्ण का अभिषेक कर हरा वस्त्र पहनाया गया। जिसके बाद युगल सरकार के विग्रहों को हिंडोला में बैठाकर झूला झूलाने की परंपरा की शुरुआत की गई। इस दौरान हिंडोला को अनेक फूलों से सजाया गया। हिंडोला उत्सव के दौरान बारी-बारी से फल, फूल, पत्तों, फूलों, मोती की माला, तोरण आदि से सुसज्जित किया जाता रहेगा। यह हिंडोला उत्सव पूरे सावन से लेकर कृष्ण जन्माष्टमी के छ दिन बाद छठी के दिन तक मनाया जाएगा।

### फूलों व हरे पत्तों से सजा झूला



हिंडोला उत्सव का समापन जन्माष्टमी के बाद छठी के दिन किया जाएगा। अंतिम दिन लड्डू गोपाल को अनेक प्रकार के व्यंजन, मिठाई, फल का भोग लगाया जाएगा। सेक्टर 6 मंदिर में श्री कृष्ण के बाल स्वरुप व युगल सरकार राधा-कृष्ण की प्रतिमा विराजमान है। हिंडोला उत्सव के अवसर पर सबसे पहले झूला झूलाने का अधिकार मंदिर के मुख्य पुजारी को ही दिया जाता है। नेहरु नगर के राधा कृष्ण मंदिर में मौजूद झूला चंदन वृक्ष की लकड़ी से तैयार किया गया है, जिसे साल में केवल एक ही बार निकाला जाता है। तो वही सेक्टर 6 के राधा कृष्ण मंदिर में लड्डू गोपाल का झूला धातू का बना हुआ है जिस पर कान्हा महाराज को विराजित किया जाता है। इस दौरान कृष्ण के बाल स्वरुप लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना और उनकी सेवा छोटे बच्चे की तरह की जाती है। लड्डू गोपाल को लाड लगाने के लिए अनेक व्यंजनों का भोग, सजावट व श्रृंगार किया जाता है। इसमें फल, माखन मिठाई, फूल, सब्जी जैसे अनेक थीम पर झूले का श्रृंगार किया जाएगा।

# वसुंधरा सम्मान रजत जयंती समारोह कल, प्रबुद्धजन रखेंगे अपने विचार

कला मंदिर सिविक सेंटर में होगा आयोजन



**भिलाई।** कीर्तिशेष देवी प्रसाद चौबे की स्मृति में स्थापित एवं लोकजागरण के लिए प्रदत्त वसुंधरा सम्मान समारोह का आयोजन 14 अगस्त को दोपहर एक बजे महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में किया जाएगा।

वसुंधरा सम्मान का यह निरंतर 25 वां वर्ष है। वसुंधरा सम्मान रजत जयंती समारोह के मुख्य अतिथि छग विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह होंगे। सामाजिक सरोकारों, भाषा के स्वरूप और संस्कार के प्रति संजीदा पत्रकारिता के लिए सुपरिचित पत्रकार एवं लेखक राहुल देव को 25वें वसुंधरा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर राहुल देव हिंदी पत्रकारिता की नई पीढ़ी का भविष्य विषय पर समारोह को संबोधित करेंगे। समारोह में पत्रकार, संपादक, लेखक अभय कुमार दुबे और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। डॉ. हिमांशु द्विवेदी सोशल मीडिया के बीच पत्रकारिता की चुनौतियां विषय पर प्रबुद्ध जनों के बीच अपना उद्बोधन देंगे। छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा समारोह में विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे।

समारोह में पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के रचनात्मक अवदान पर केंद्रित लोक जागरण की मासिक पत्रिका कृति वसुंधरा के 122वें अंक और माधव राव सप्रे के अवदान पर एकाग्र कृति बहुमत के 147 वें अंक तथा श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन के नए सामाजिक फोल्डर का लोकार्पण भी किया जाएगा। यह समारोह लोक जागरण की संस्था वसुंधरा के द्वारा श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन तथा बी.एस.पी.आफिसर्स एसोसिएशन के सहयोग से किया गया है। वसुंधरा सम्मान के संयोजक विनोद मिश्र, आयोजन समिति के अध्यक्ष डा.अरुण कुमार श्रीवास्तव, निर्णायक समिति के अध्यक्ष दिवाकर मुक्तिबोध, स्वागत समिति अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर, सचिव मुमताज, समिति के सदस्य ई.वी.मुरली, डॉ.विश्वेश ठाकरे, श्वेता उपाध्याय, डॉ.रक्षा सिंह ने प्रबुद्ध जनों से समारोह में उपस्थित होने अपील की है।

## छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के अध्यक्ष बने काशीपूरी कुंदन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज 1657 के सम्पन्न हुए प्रांतीय पदाधिकारियों के लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचन उपरांत विगत दिनों भगवान चम्पेश्वरनाथ सभागृह, महाप्रभु बल्लभाचार्य की जन्मस्थली मंदिर परिसर चंपारण में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व उनकी कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। शपथ ग्रहण समारोह अंतरराष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य भागवत भूषण डॉ. गिरधर शर्मा के मुख्यआतिथ्य, संस्थापक व नीतिनिर्धारण समिति सदस्य ओंकार पूरी, प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती, अशोक गिरी, पूर्व व वर्तमान कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों, मार्गदर्शक मंडल, भिन्न जिलों से आए जिलाध्यक्षों व पदाधिकारियों, माताओं, बहनों, सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

अध्यक्ष- काशी पूरी कुन्दन, महासचिव उमेश गिरी, कोषाध्यक्ष प्रशांत गिरी एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ली। यह जानकारी सह मीडिया प्रभारी भारद्वाज गिरी गोस्वामी ने दी।

मां अनुसुया महाराष्ट्र मंडल की सदस्याओं का आयोजन

# फिल्मी गीतों पर जमकर किया डांस, बांटी सुहाग सामाग्री, गृहणियों को किया प्रोत्साहित

कॉर्नर न्यूज



**भिलाई।** मां अनुसूया महाराष्ट्र मंडल के तत्वावधान में सावन क्वींन हरित श्रृंगार का आयोजन किया गया। इस दौरान 25 से लेकर 60 प्लस की महिलाओं ने झूले का आनंद लेते हुए सभी को तीज की शुभकामनाएं दी। रामनगर शिव गायत्री मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मंडल की सदस्याओं ने फिल्मी गीतों में डांस कर सभी को नाचने झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में अतिथि सीमा वोजलवार और संस्कार रंगोली एक्सपर्ट रोहिणी पाटणकर प्रमुख रुप से उपस्थित रही। हरियाली क्विन का खिताब दर्शना को दिया गया।यह रही विजेताकार्यक्रम में डांस कांपीटिशन में सभी सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया और विजेता रही।जिसमें प्रथम दर्शना मालगणं, द्वीतीय सरोज साकोरे व तृतीय संगीता कोसे रही।



### बच्चों को संस्कारिक बनाएं

मुख्य अतिथि रोहिणी पाटणकर ने महिलाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के दिनचर्या में नजर डालते हुये कहा कि महिलाओं को घर, परिवार, बच्चे संभालते हुए किसी भी कार्यक्रम या अन्य कोई भी तीज- त्योहार के कार्यक्रम में समय निकालकर जाना बहुत कठिन हो जाता है। फिर भी हमारी मातृशक्ति किसी भी काम में पीछे नही हटती। हमेशा तत्पर रहती है। सभी मातृशक्ति को हम नमन करते है। सीमा ने कहा कि महिलाओ को घर बैठे लघु उद्योग की ओर ध्यान देना चाहिए। बच्चों को संस्कारिक बनाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों पर मोबाईल का बहुत गहरा असर हो रहा है।जहां तक हो सके बच्चों को मोबाइल से दूर रख संस्कार और आध्यात्मिक चीजों पर ध्यान आकर्षित कराना होगा।

### तीज सेलिब्रेशन में महिलाओं को बढ़ जाता उत्साह

मंडल कि अध्यक्ष नंदा शेगोकर ने सावन सखी के बारे जानकारी देते हुए कहा कि सावन और भादौं का महीना भगवान भोलेनाथ के नाम से जाना जाता है। जैसे सावन महिना आता है। महिलाओं का उत्साह दोगुना हो जाता है। कहते हैं भोले बाबा सावन में धरती माता कि परिक्रमा करते हैं और भक्तों की मनोकामना पूरी कर आशीर्वाद देते हैं। यह महीना मन को लुभाकर आनन्द भर देता है अपनी सहेलियों से मिलकर मन को सुकून मिलता है।कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्याओं को सुहागन का सामान मेहंदी, सिंदूर और आलता बांटा गया। कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने डांस और गेम्स में खूब एंजाय किया।

**इन्होंने दी प्रस्तुतिः** इस अवसर पर कल्पना, रेखा, वनश्री, दिपा, आरती, पुनम, पल्लवी, सुरेखा, वर्षा, ममता, प्रतिभा, गरिष्मा, खुशी, भारती, निलिमा, अर्चना, संगीता काले, रेनुका माला, शोभा, क्रांती, ज्योती, राजश्री, प्रवली, नीता, आशा, मीना ने कार्यक्रमों में भाग लिया। अंत में नंदा शेगोकर और सचिव मंदा कामीनकर ने आभार व्यक्त किया।

सिटी इवेंट

# राम और श्रीकृष्ण की भक्ति से सराबोर हुए भक्त, किया पाठ

**भिलाई।** राधाकृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी दुर्ग भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर हो गई है। यहां पर एक ओर नवधा रामायण का पाठ चल रहा है तो दूसरी ओर मंदिर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी चल रही हैं। कॉलोनी में नवधा पारायण रामायण पाठ की शुरूआत सोमवार से हो गई है। जोधपुर से विशेष रूप से पाठ को कराने वाले पं. गोपाल आसोपा और पं. सुशील आसोपा ने श्रद्धालुओं को नवधा पारायण रामायण का सामूहिक पाठ शुरू कराया। पहले दिन उपस्थित करीब एक हजार से अधिक भक्तों ने बालकांड की चौपाइयों का पाठ किया। इस अवसर पर भगवान श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति पर भक्त भावविभोर होकर झूमते रहे। पहले दिन नाम वंदना और शिव पार्वती विवाह के प्रसंग भी सुनाया गया। दोपहर 2 बजे से शुरू हुआ रामायण पाठ शाम 6.30 बजे तक चलता रहा। इस बीच भक्तों के लिए शाम 4.30 बजे कुछ समय के लिए विराम देकर स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। आखिर में रामायण की आरती की गई।

- 18 अगस्त तक रोज सुबह साढ़े 7 बजे से शुरू होगा महायज्ञ

**बालकांड से हुई पाठ की शुरुआत:** मंदिर समिति के प्रमुख चतुर्भुज राठी ने बताया कि रामायण पाठ रोजाना दोपहर 2 से 6.30 बजे तक चल रही है। उन्होंने बताया कि पाठ में आने वाले भक्तों के लिए क्रमवार रामायण ग्रंथ उपलब्ध कराया जा रहा है। पहले दिन बड़ी संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर सामूहिक पाठ किया। मंगलवार की दोपहर से बालकांड से ही पाठ की शुरुआत की जाएगी। समिति ने रामायण पाठ में ज्यादा से ज्यादा सनातनप्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है। आयोजन में श्री विष्णु महायज्ञ की शुरुआत भी हो गई है। सुबह यज्ञाचार्य पं. पवन द्विवेदी के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का आह्वान कर यज्ञ शुरू कराया गया। पूजा विधि सुबह 7.30 बजे से शुरू की गई और दोपहर 2 बजे तक महायज्ञ में आहुतियां समर्पित की गई। महायज्ञ 18 अगस्त तक रोजाना सुबह साढ़े 7 बजे से शुरू होगा।

विवेकानंद सभागार दुर्ग में छग के वीर सपूतों के अमर योगदान को किया याद

# दुर्लभ फोटोग्राफ और ऐतिहासिक दस्तावेजों में झलकी 1947 के सपूतों की गाथा, प्रदर्शनी में संजोई गईं अमर यादें, 200 बच्चों ने देखा इतिहास

**भिलाई।** केंद्रीय संचार ब्यूरो सीबीसी दुर्ग के तत्वावधान में सोमवार को "भारतीय स्वतंत्रता की वीर गाथा एवं विभाजन विभीषिका" विषय पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों के अद्वितीय योगदान के साथ 1947 के भारत विभाजन की ऐतिहासिक पीड़ा को दुर्लभ फोटोग्राफ, प्रमाणिक दस्तावेज़ और चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्शनी के पहले दिन लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और स्वतंत्रता संग्राम व विभाजन की त्रासदी के बारे में जाना।



### स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन व योगदान को दिखाया

प्रदर्शनी में ठाकुर प्यारेलाल, वीर नारायण सिंह, रामदयालु सिंह, ठाकुर नंदकुमार दानी, दुर्गा सिंह सिरमौर, शिवदास दादा, सरदार दिलीप सिंह, रामाधीन गोंड, धनीराम वर्मा, नारायण राव अंबिलकर और महंत लक्ष्मी नारायण सहित कई महान स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन व योगदान को विस्तार से दर्शाया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंच संचालन कर रहे डॉ. अजय आर्य ने देशप्रेम पर प्रेरक पंक्तियों के साथ सभी में जोश भर दिया। सहायक निदेशक, सीबीसी दुर्ग, सुदीप्त कर ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश भी आपका घर है, और यह देश भी हमारा घर है। जिस दिन हम देश को अपना घर मान लेंगे, उसी दिन देश की तस्वीर बदलने लगेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, दुर्ग के प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने की। उन्होंने कहा कि \/"लॉर्ड मैकाले ने हमारे मन में हीन भावना भरी थी। जब तक हम इससे मुक्त नहीं होंगे, हम देश का सशक्त निर्माण नहीं कर पाएंगे। हमारे प्रदेश के क्रांतिकारी पुरोधाओं से प्रेरणा लेकर ही नया इतिहास रचा जा सकता है।

### प्रदर्शनी में दिखाई प्रमाणिक जानकारी




केंद्रीय संचार ब्यूरो की प्रदर्शनी में विभाजन विभीषिका के प्रमाणिक दस्तावेज फोटो प्रदर्शित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ की महान विभूतियां जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया था उनकी जानकारी फोटो इत्यादि उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी प्रमाणिक जानकारी दिखाई गई। वायु सेना की शक्ति की भी जानकारी दी गई है। यह जानकारी आत्म गौरव के साथ-साथ बढ़ते हुए आत्मनिर्भर बनते हुए सशक्त भारत की छवि प्रस्तुत करती है। देश की आजादी के समय नेताओं की भूमिका तथा त्रासदी के समय किए गए उनके प्रयासों तथा त्रासदी के जीवंत फोटोग्राफ प्रदर्शित किए गए है। कार्यक्रम के अंत में स्मृति-चिह्न वितरित किए गए, जिससे प्रतिभागियों और विद्यार्थियों में देशभक्ति का उत्साह और अधिक प्रगाढ़ हुआ।

### 14 अगस्त तक चलेगी प्रदर्शनी

पहले दिन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग, भिलाई महिला विद्यालय, नेशनल स्कूल और बीआरडी आदर्श कन्या विद्यालय के करीब 200 छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में स्वतंत्रता के रणबांकुरों की गाथा और विभाजन की करुण स्मृतियां एक ही छत के नीचे जीवंत हो उठीं। दुर्ग के विद्यार्थियों ने न सिर्फ इतिहास देखा, बल्कि उसे महसूस भी किया। बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम व विभाजन की त्रासदी के बारे में जाना।

### कार्यक्रम का कल समापन

तीन दिवसीय यह प्रदर्शनी 14 अगस्त तक चलेगी। 14 अगस्त को पुरस्कार वितरण के साथ इसका समापन होगा। आज दोपहर 12 बजे क्विज, तात्कालिक भाषण, रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी।

सिटी लाइव

# मासिक काव्य गोष्ठी और साहित्य चर्चा में किया पाठ, पदाधिकारियों को दी जिम्मेदारी



**भिलाई।** मुक्तकंठ साहित्य समिति के तत्वावधान में मासिक काव्य गोष्ठी एवं साहित्य चर्चा सेक्टर - 6 ब्रजमंडल के गीता भवन में आयोजित की गई। कार्यक्रम में साहित्यकार डॉ प्रमोद पाटले रायपुर, डॉ रौनक जमाल, श्यामल राय, समिति के महासचिव नरेंद्र कुमार सिक्केवाल और समिति के अध्यक्ष गोविंद पाल रहे। इस अवसर पर मुक्तकंठ साहित्य समिति के कुछ नये सदस्यों को विशेष जिम्मेंदारी दी गई। जिसमें उप-कोषाध्यक्ष संतोष जाटव, उप-सचिव ब्रजेश मल्लिक, मीडिया प्रभारी जावेद हसन, कार्यक्रम संयोजक शंकर भट्टाचार्य और महिला संयोजक सोनिया सोनी को सदस्यों का विस्तार करने कहा गया। नये पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ और श्रीफल भेंट कर स्वागत करते हुए मुक्तकंठ के अध्यक्ष एवं महासचिव ने नियुक्ति पत्र सौंपा। साहित्यिक चर्चा में आगामी बाल साहित्य विशेषांक निकालने के लिए सह संपादक उन्नी दयालन ने विस्तृत जानकारियां दी। काव्य गोष्ठी में प्रकाश चन्द्र मंडल, डॉ रौनक जमाल, डॉ प्रमोद पाटले, श्यामल राय, मंजुलता शर्मा, ब्रजेश मल्लिक, शंकर भट्टाचार्य, सोनिया सोनी, संतोष जाटव, जावेद हसन, रियाज खान गौहर, बिपुल सेन, शिवमंगल सिंह, गजानन साहू, पुरुषोत्तम साहू, शीशलता शालू, नरेन्द्र कुमार सिक्केवाल, गोविंद पाल, पंडित वासुदेव भट्टाचार्य, अंचित पाटले सहित अन्य लोगों ने काव्य पाठ कर अपने विचारों को प्रस्तुत किया। इस दौरान ब्रज मंडल के पदाधिकारियों ने 16 अगस्त जन्माष्टमी उत्सव पर मुक्तकंठ के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया।

राजयोग मेडिटेशन

# राजयोग शिविर में सभी ने किया ध्यान, आत्मिक अनुभूति के साथ मानवता संरक्षण का लिया संकल्प



**भिलाई।** साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड भिलाई में आदर्श सिंध ब्रादर मंडल हाउसिंग बोर्ड भिलाई एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग प्रशिक्षण केंद्र हाउसिंग बोर्ड भिलाई के संयुक्त तत्वाधान में रक्षाबंधन पर्व का आयोजन चालीहा महोत्सव के दौरान किया गया। लगातार 40 दिन से तक चलने वाले चालीहा महोत्सव में ईश्वर से जुड़ने के लिए आध्यात्मिक आयोजन रोज किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में रक्षाबंधन के पर्व की शुरुआत साईं झूलेलाल की आरती, पल्लव गायन कर किया गया। महिलाओं द्वारा साईं झूलेलाल की महिमा का वर्णन करने वाले भजनों एवं नाम धुन का गायन किया गया। जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं को मानवता के संरक्षण के संकल्पित रहने के लिए शपथ दिलाया। साथ ही अमीर-गरीब, धर्म जाति का कोई भेदभाव न करते हुए अपने साथ प्रकृति की सभी जीवात्माओं को परमपिता परमेश्वर की संतान मानकर सदैव सभी के भलाई के लिए संकल्पित रहेंगे। समापन पर उपस्थित श्रद्धालुओं को कड़ाह प्रसाद एवं सेसा के साथ ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस अवसर समाज के ब्रह्माकुमारी संस्थान की वर्षा और मनीषा बहन ने अपने उद्बोधन में रक्षाबंधन पर्व का महत्व बताते हुए कहा कि जब भी सृष्टि पर एवं प्रकृति पर कोई भी आपदा विपदा आती है तो परमपिता परमेश्वर सदैव हमारी रक्षा हर प्रकार से करते हैं। जैसे भक्त प्रहलाद, भक्त ध्रुव, माता द्रौपदी, सीता माता की रक्षा परमपिता परमेश्वर ने विभिन्न स्वरूपों में उपस्थित होकर की। इस प्रकार अगर हम भी अगर अपना अटूट नाता उनसे स्थापित कर लेते हैं। तो हमें अपने जीवन में भी अपनी रक्षा एवं सुरक्षा का किसी भी प्रकार का भय नहीं होगा। हम सदैव परमपिता परमात्मा के रक्षा सूत्र में बंध कर सदैव सुरक्षित रहेंगे। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों को प्रतीक चिन्ह देकर समाज की ओर से सम्मानित किया गया।

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी, उपाध्यक्ष सुभाष भगत, सुरेश जीवनानी, महासचिव अनिल थारवानी, सांस्कृतिक सचिव हरीश लालवानी, प्रकाश थारवानी, अमृत कृष्णानी, महिला मंडली अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव, लता गंगवानी, अंजली कृष्णानी, माया रोहरा, मीरा जीवनानी, कमला भगत, रानी छाबड़िया, अलका थारवानी, निकिता लालवानी, अनिता नागदेव, लता मेहरचंदानी, निर्मला कृष्णानी, चंद्रा हासीजा, साक्षी प्रेमचंदानी, लक्ष्मी केसवानी, मीना प्रेमचन्दानी, निर्मला गढ़वानी, कमला भगत, मुस्कान थारवानी, दीपा धनकानी सहित जामाजिक जन उपस्थित थे।

आयोजन

# राज्य स्तरीय काव्य गोष्ठी में शायरों और कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत की



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ उर्दू तंजीम के तत्वावधान में राज्य स्तरीय शेरी नशिस्त काव्य गोष्ठी वृंदावन हाल रायपुर में रखी गई। जिसकी शुरुआत हरिप्रकाश वत्स ने की। इस आयोजन में दुर्ग-भिलाई से बड़ी संख्या में शायरों और कवियों ने हिस्सा लिया। कारगिल जंग में हिस्सा लेने वाले ब्रिगेडियर प्रदीप यदु मेहमान ख़ुसूसी थे। वहीं विशेष अतिथि एडवोकेट फ़ज़्ल अब्बास सैफी, कल्पना यदु और डॉ. बीना सिंह मौजूद थे। संचालन की जवाबदारी नूरुस्सुब्ह ख़ान सबा दुर्गवी ने निभाई। पूरन जैसवाल के सहयोग से हुए इस आयोजन में खास तौर पर डा बीना हिंद भिलाई, पोखन लाल जैसवाल पलारी, मुकेश अग्रवाल, योगेश शर्मा योगी, डॉ. नौशाद सिद्दीकी भिलाई, आर डी अहिरवार, यूसुफ़ सागर भिलाई, ओमवीर करन भिलाई ,रियाज खान गौहर भिलाई, पूरन जैसवाल पलारी, इरफ़ानुद्दीन इरफ़ान धरसीवां, प्रतीक कश्यप पलारी, अदिती तिवारी, शुचि भवि, भिलाई, अनिल राय भारत, अभिषेक वैष्णव और गौहर जमाली रायपुर सहित सभी शायरों और कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत की। सज्जाद अली गौहर जमाली रायपुर ने सभी शायरों, कवियों और श्रोताओं का दिल से शुक्रिया अदा किया।

**काव्य गोष्ठी में दुर्ग-भिलाई से रही सर्वाधिक भागीदारी**



समाज इवेंट

# सर्वधर्म सेवा संस्था की कार्यकारिणी घोषित, सर्वसम्मति से सुरेश बने अध्यक्ष



**भिलाई।** सर्वधर्म सेवा संस्था भिलाई कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्था के संरक्षक एवं मार्गदर्शक की अनुमति तथा कार्यकारिणी सदस्यों की सर्वसम्मति से सुरेश खांडवे को संस्था का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सुरेश खांडवे के नेतृत्व में सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, अंगदान, देहदान जागरूकता, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा अन्य जनकल्याणकारी कार्यों में और अधिक गति आएगी। इस बैठक में प्रतीक भोई, राकेश रत्नाकर, घनश्याम पांडे, शिवाकांत गिरी, भेखराम साहू, रघुवंश सैनी, केश कुमार साहू , विष्णु यादव, भागवत वर्मा, अशोक सोनी, रमेश प्रजापति सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

धर्म को सुनना नहीं, चुनना हैः आचार्य डॉ. अजय, दी गई यज्ञ में आहुति

कार्नर न्यूज

# भजन और सत्संग के साथ हुआ मंत्रों का पाठ, वैदिक विचारों की गूंज से वातावरण में घुली आध्यात्मिक ऊर्जा

**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में भजन सत्संग का आयोजन हुआ। जिसमें भक्ति, वैदिक संस्कार और प्रेरणादायी प्रवचन का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत आर्य समाज के निर्धारित प्रथम चरण में वैदिक मंत्रों का पाठ के साथ हुई। वैदिक मंत्रों के मधुर उच्चारण के बीच स्वाहा की आहुति देकर वातावरण को पवित्र किया गया।

कार्यक्रम में भजन, मंत्रोच्चारण और वैदिक विचारों की गूंज ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को आर्य समाज की वैचारिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत अनुभव बताया। वैदिक संकल्प एवं हवन विधि का संचालन अंकित शास्त्री ने मंत्रोच्चारणपूर्वक सम्पन्न कराया। इसके बाद कासगंज उत्तर प्रदेश से पहुंचे सुकांत आर्य ने सुमधुर ईश्वर भक्ति एवं महर्षि दयानंद सरस्वती को समर्पित भजनों की प्रस्तुति दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि धर्म भीतर से बनता है। हमें बाहरी भीड़ और चकाचौंध देखकर आकर्षित नहीं होना चाहिए। सच्चा धर्म वह है जो आचरण में हो, न कि केवल प्रदर्शन में।




### भक्ति और वैदिक संस्कृति का संगम

कार्यक्रम का संयोजन प्रवीण गुप्ता ने किया। आयोजन में रवि आर्य, उत्तम आर्य, जवाहर लाल सरपाल, पुष्पा दुबे, शुभ्रा मुखर्जी, शकुन्तला द्विवेदी, कमलेश आर्य, मधु गुप्ता, कमलेश, प्रमिला सरपाल, ज्योति पुरंग, रवि बाला आर्य, चन्द्रकांता वैष्णव, जागृति वैष्णव, देवव्रत वैष्णव, धीरज शास्त्री, कौशल किशोर शर्मा, धर्मपाल खंडूजा, शिपि आर्य, डॉ. अजय आर्य, रीता रथ, यतीन्द्र पुरंग और हर्ष आदित्य सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### प्रवचन और धर्म को सुनना नहीं, चुनना है

इस दौरान वैदिक विद्वान आचार्य डॉ. अजय आर्य ने धर्म के वास्तविक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म का प्रचार लोगों को पकड़कर सुनाने का नाम नहीं है। धर्म को सुनना नहीं, चुनना है। जीवन के हर क्षण सत्य-असत्य, पाप-पुण्य, अच्छाई-बुराई हमारे सामने होते हैं। हम जो चुनते हैं, वही हमारे जीवन का हिस्सा बनता है। जो प्राप्त है वही पर्याप्त है। यही संतोष प्रदान करता है। जो अपने आप में मस्त है, उसी के पास समस्त है। उन्होंने स्वामी दयानंद का संदेश बताते हुए कहा कि सबसे प्रीति पूर्वक धर्मानुसार यथा योग्य आचरण करना चाहिए। उपदेश करने से पहले हमें स्वयं धर्म को जीना होगा, तभी उसका प्रभाव होगा। डॉ आर्य ने अपने प्रवचन में रामकृष्ण परमहंस के जीवन की प्रेरक प्रसंग को बताया। जिसमें परमहंस ने एक सप्ताह स्वयं मीठा त्यागने के बाद ही बच्चे को मीठा न खाने का उपदेश दिया था। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने बताया कि जिस नियम को हम स्वयं निभाते हैं, वही उपदेश सबसे प्रभावशाली होता है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### पार्थ को जु-जित्सु सीनियर स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड



**रायपुर।** डोंगरगढ़ में 10 अगस्त को आयोजित 5वीं जु-जित्सु सीनियर स्टेट चैंपियनशिप में शहर के पार्थ चावड़ा ने दो इवेंट में भाग लिया और एक में स्वर्ण पदक और एक में रजत पदक प्राप्त किया। पार्थ जल्द ही उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के लिए चयनित हुए हैं। पिछले साल भी उन्होंने राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था और औरंगाबाद में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। बालाजी क्लब में सूरज वर्मा उनके कोच हैं।

### राज्य स्तरीय स्नूकर 18 अगस्त से राजधानी में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर पुरुष एवं महिला 6 रेड स्नूकर के खिलाड़ी गठन हेतु चयन स्पर्धा 18 से 20 अगस्त तक संयोजक आदित्य प्रकाश शुक्ला द्वारा लोधीपारा में अपराह्न 11 से रात्रि 10 बजे तक स्पर्धा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 16 अगस्त को रात 8 बजे तक है। ड्रा 17 अगस्त को निकाला जाएगा। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले सब जूनियर बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का जन्म दिनांक एक जनवरी 2009 तथा जूनियर बालक एवं बालिका खिलाड़ियों की आयु एक जनवरी 2006 या उसके बाद होना चाहिये। खिलाड़ियों को आयु प्रमाण संबंधित जन्मप्रमाण पत्र मार्कशीट, आधार कार्ड लाना अनिवार्य है अन्यथा उन्हें चयन स्पर्धा में भाग लेने नहीं दिया जायेगा। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का पंजीयन शुल्क रुपये 1500/- प्रति खिलाड़ी (सीनियर वर्ग) होगा। सब जूनियर एवं जूनियर का कोई पंजीयन शुल्क नहीं है।चयन स्पर्धा में भाग लेने छत्तीसगढ़ प्रदेश बिलियड्र्स एवं स्नूकर के सदस्यों/पदाधिकारियों संयोजक आदित्य प्रकाश शुक्ला, मो. तौसीफ और आशीष थवानी से संपर्क कर सकते है।

### ऑनलाइन निःशुल्क प्रशिक्षण में सराहा हेमंत का योगदान



**रायपुर।** प्रदेश टीम के चयनित खिलाड़ियों के अलावा अंडर-13 आयु समूह के टॉप टेन शतरंज खिलाड़ियों हेतु ऑनलाइन शतरंज प्रशिक्षण का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण सब जूनियर के अलावा जूनियर व सीनियर वर्ग हेतु तीन चरणों में विभाजित है। शिविर के तीसरे दिन जिला शतरंज संघ महासमुंद व छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे बतौर अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम को होस्ट कर रहे विकास शर्मा ने कहा कि हेमंत खुटे राज्य सचिव के साथ - साथ शतरंज खेल के व्यापक प्रचार - प्रसार ,शतरंज स्पर्धाओं का आयोजन व शतरंज की मासिक खेल पत्रिका शतरंज सम्राट हेतु अपना निरंतर योगदान दे रहें है। प्रदेश में शतरंज के विकास के लिए दिए जा रहे इनके द्वारा योगदान काबिल-ए-तारीफ है। वहीं प्रशिक्षण के कोच रविकुमार ने कहा कि हेमंत खुटे शतरंज के क्षेत्र में लेखन कार्य के साथ - साथ इंटरव्यू लेकर हमेशा ही खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की है। इनके लेखन से देश व प्रदेश के शतरंज खिलाड़ी लाभान्वित हुए है। शतरंज के क्षेत्र में दिए गए इनका योगदान अतुलनीय है। शतरंज प्रशिक्षण के अतिथि हेमंत खुटे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कामयाबी के लिए ज़िद की जरूरत पड़ती है। ज़िद ही लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होती है । जब तक अपने अंदर जीतने की ज़िद और जुनून नहीं होगा तब तक दुनिया का कोई भी कोच आपको आगे नहीं बढ़ा सकता। हेमंत ने आगे कहा कि फीडे इंस्ट्रक्टर रवि कुमार अविभाजित मध्यप्रदेश के राज्य चैंपियन रहे हैं तथा छत्तीसगढ़ के पहले राज्य विजेता का भी इन्हें गौरव हासिल है। इंडिया के टॉप 100 खिलाड़ियों में भी इनका नाम शुमार रहा है । रवि शतरंज के एक बेहतरीन खिलाड़ी व कुशल कोच है।यक़ीनन इनके सान्निध्य में खिलाड़ी एक नए आयाम हासिल करेंगे। कार्यक्रम को होस्ट राज्य शतरंज संघ के संयुक्त सचिव विकास शर्मा ने किया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व वरिष्ठ शतरंज खिलाड़ी एम। चंद्रशेखर तथा दूसरे दिन भूतपूर्व राज्य चैंपियन व संयुक्त सचिव प्रदेश शतरंज संघ के आनंद अवधिया ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दी व खिलाड़ियों को शतरंज के गुर सिखाए।

### इंटर स्कूल जूडो स्पर्धा 23 से



**रायपुर।** ऑल बस्तर जिला जूडो संघ, जगदलपुर द्वारा इंटर स्कूल स्पर्धा का आयोजन 23 एवं 24 अगस्त तक स्थानीय टाऊन हाल जगदलपुर में आयोजित होगा। प्रतियोगिता में सम्भाग व सम्भाग के बाहर की टीम भाग लेगी। प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग की होगी। साथ ही 10 वर्ष के कम वर्ग के खिलाड़ीयो की भी प्रतियोगिता खेले जायेंगे।

---

#### हमारे शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत रहना जरूरी

# अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत रखने छोड़नी होंगी कुछ आदतें, दिखेगा बदलाव

सेहत बनाए रखने में इम्यूनिटी की बहुत बड़ी भूमिका होती है। इसे हम रोग प्रतिरोधक क्षमता के नाम से भी जानते हैं। यानी जब कोई रोग हमें घेरने लगती है तो रोगों का निवारण करने की शक्ति को इम्यूनिटी कहते हैं। हमारी कुछ खराब आदतों की वजह से इम्यूनिटी लगातार कमजोर होती रहती है। इसके कारण आप कई तरह की बीमारियों के चपेट में आ सकते हैं। जैसे डायबिटीज, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, मौसमी बीमारियां, दिल से जुड़े रोग वगैरह-वगैरह। चलिए जानते हैं उन आदतों के बारे में जिससे हमारी इम्यूनिटी पर बुरा असर पड़ रहा है।



### नींद न लेना

आजकल के युवा नींद को अहमियत नहीं देते हैं,लोग रात-रात भर जगकर पार्टी करते हैं जबकि नींद की कमी के कारण आपकी इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है। जब आप सोते हैं तो आपके सेल्स रिपेयर होते हैं और आप दूसरे दिन के लिए तैयार होते हैं, लेकिन लगातार जब आपका नींद लेते हैं तो इससे आपकी इम्यूनिटी कमजोर पड़ने लगती है इसके कारण आप बार-बार बीमार पड़ते हैं मोटापा हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी बीमारियों के शिकार होते हैं। आज ही इस आदत से तौबा करें और कम से कम 8 घंटे की नींद जरूर लें।

### संतुलित आहार न लेना

कुछ लोग खाना तो खाते हैं लेकिन उसमें कुछ भी संतुलित नहीं होता है। खाने में सही पोषक तत्व न रहने के कारण भी इम्यूनिटी कमजोर होती है। ऐसे में सुनिश्चित करें कि अपनी थाली में जरूरी विटामिन, मिनरल, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर जरूर शामिल करें। खाने में हरी सब्जियां, फल दूध, दही साबुत अनाज शामिल करें।

### स्ट्रेस या तनाव लेना

स्ट्रेस हमारी लाइफस्टाइल का हिस्सा बन चुका है। कंपटीशन के जमाने में हर व्यक्ति इतना ज्यादा तनाव में रहने लगा है कि इसके कारण भी इम्यूनिटी कमजोर होने लगी है। दरअसल इसकी वजह से शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन बनता है, जो हमारे इम्यूनिटी को कमजोर बनाता है। अगर आप भी लगातार तनाव में है तो मेडिटेशन या योग कर इसपर काबू पाएं।



### प्रोसेस्ड फूड का सेवन

आजकल जंक फूड के लोग आदि हो चुके हैं। चिप्स, कुकीज, कोल्ड ड्रिंक डेली डाइट में शामिल करते हैं। इसके कारण आपके शरीर को फाइबर और जरूरी विटामिन नहीं मिल पाता है। इसमें चीनी मैदा अन हेल्दी फैट्स इतना होता है कि सफेद रक्त कोशिकाएं कमजोर होने लगती है। इससे इम्यूनिटी पर असर पड़ता है और आप बीमार होने लगते हैं।

### कैफीन

बहुत ज्यादा मात्रा में कैफीन का सेवन करने से भी इम्यूनिटी कमजोर होती है। दरअसल इससे स्लिप पैटर्न पर असर पड़ता है और जब आपकी स्लीपिंग पैटर्न खराब होती है तो इम्यून सिस्टम पर भी बुरा असर पड़ता है।

---



## वॉकिंग प्लैंक करते हुए भूल से भी ना करें ये गलतियां

प्लैंक एक ऐसी एक्सरसाइज है, जिसे हर कोई अपने फिटेनस रूटीन में शामिल करते हैं। यह आपकी कोर को स्ट्रेंथन करने में मददगार है। आप चाहे एक बिगनर हों या फिर एक्सपर्ट, प्लैंक की प्रैक्टिस आपको जरूर करनी चाहिए। अमूमन यह देखने में आता है कि अपने फिटनेस रूटीन में वैरिएशन लाने के लिए लोग साइड प्लैंक से लेकर रिवर्स प्लैंक तक करना पसंद करते हैं। इन्हीं में से एक है वॉकिंग प्लैंक।

वॉकिंग प्लैंक को कोर के लिए एक बेहतरीन एक्सरसाइज माना गया है और यह कोर को मजबूत बनाने के साथ-साथ उसे अधिक स्टेबल बनाता है। वॉकिंग प्लैंक करते हुए आप हाथों पर हाई प्लैंक से लेकर आपकी कोहनी पर लो प्लैंक तक और फिर वापस जाना शामिल है। यह सच है कि वॉकिंग प्लैंक आपकी सेहत को बहुत अधिक लाभ पहुंचाता है, लेकिन इसे करते हुए आपको कुछ छोटी-छोटी गलतियों से बचना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको वॉकिंग प्लैंक करते हुए की जाने वाली कुछ कॉमन मिसटेक्स के बारे में बता रहे हैं-



### अपने हिप्स को बहुत अधिक हिलाना

अमूमन यह देखने में आता है कि जब लोग वॉकिंग प्लैंक करते हैं तो उस दौरान अपने हिप्स को बहुत अधिक हिलाते हैं। हालांकि, आपको ऐसा करने की गलती नहीं करनी चाहिए। कोशिश करें कि वह ज्यादा से ज्यादा स्टेबल रहें। यह सच है कि जब आप वॉकिंग प्लैंक करते हैं तो उस दौरान हिप्स थोड़ा बहुत हिलते हैं, लेकिन इसे बहुत अधिक स्विंग करने से बचना चाहिए।

### कोहनी को बहुत अधिक चौड़ा रखना

वॉकिंग प्लैंक करते हुए अपने बॉडी पोश्चर का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अमूमन यह देखने में आता है कि जब लोग नीचे जाते हैं और फिर वापिस आते हैं, तो उनका बॉडी पोश्चर बिगड़ जाता है। इस दौरान कई बार लोग कोहनी को बहुत अधिक चौड़ा कर लेते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो इससे आपके कंधों पर अनावश्यक दबाव पड़ सकता है। इसलिए, हमेशा यह सुनिश्चित करें कि आप अपनी कोहनी को सीधे अपने कंधों के नीचे अपनी बाहों से एल शेप बनाते हुए लैंड करें।

### अपनी सांस रोक लेना

अगर आप एक बिगनर हैं तो यह काफी हद तक संभव है कि वॉकिंग प्लैंक करते हुए आप अपनी सांसों को रोक लेते हों। लेकिन आपको यह गलती करने से बचना चाहिए। अगर आप वॉकिंग प्लैंक करते हुए अपनी सांस रोक लेते हैं तो इससे आपका ब्लड प्रेशर बढ़ने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसलिए, कोशिश करें कि वॉकिंग प्लैंक करते हुए भी आप अपने ब्रीदिंग पैटर्न को बनाए रखें। अपनी नाक से सांस लें और अपने मुंह से सांस छोड़ें।

### कोर को सही तरह से एंगेज ना करना

वॉकिंग प्लैंक को कोर वर्कआउट माना जाता है, लेकिन फिर भी कई बार लोग इसे करते हुए कोर मसल्स को टाइट नहीं करते हैं। ऐसा करने से वर्कआउट उतना अधिक इफेक्टिव नहीं रहता है। यह भी संभव है कि इससे आपकी पीठ पर अतिरिक्त दबाव पड़े। इसलिए, पूरे मूवमेंट के दौरान अपनी पेट की मसल्स को एक्टिव तरीके से शामिल करें।



---

## बेडरूम में रखते हैं कैश बॉक्स, तो वास्तु के इन नियमों को ना करें नजरअंदाज

अमूमन लोग कैश बॉक्स को अपने घर में सुरक्षित स्थान पर रखते हैं, इसलिए वे बेडरूम में उसे रखना पसंद करते हैं। हालांकि, अगर आप बेडरूम में कैश बॉक्स रखते हैं तो आपको कुछ वास्तु से जुड़ी कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

हम सभी चाहते हैं कि हमारे जीवन में कभी भी पैसों की कमी ना हो। हालांकि, इसके लिए जरूरी है कि धन को सही तरह से रखा जाए। पैसों को रखने के लिए अक्सर हम अपने घर में भी कैश बॉक्स का इस्तेमाल करते हैं। जहां पर कुछ अतिरिक्त धन अवश्य रखा जाता है। इस कैश बॉक्स को किसी सुरक्षित स्थान पर रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में कैश बॉक्स को बेडरूम में रखना काफी अच्छा माना जाता है। बेडरूम में अक्सर बाहरी लोग नहीं आते हैं और इसलिए आपका धन अधिक सुरक्षित होता है।

हालांकि, जब आप बेडरूम में कैश बॉक्स रखते हैं तो आपको वास्तु के कुछ नियमों का भी ख्याल रखना चाहिए। बेडरूम में अगर कैश बॉक्स को सही तरह से रखा जाता है तो इससे धन आकर्षित होता है और आपको पैसों की तंगी का सामना नहीं करना पड़ता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको कुछ ऐसे ही वास्तु नियमों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको बेडरूम में कैश बॉक्स रखते समय ध्यान में रखना चाहिए-

### दक्षिण दिशा में रखें कैश बॉक्स

जब भी आप बेडरूम में कैश बॉक्स रखते हैं तो आपको दिशाओं का खासतौर पर ख्याल रखना चाहिए। बेडरूम में कैश बॉक्स रखने के लिए सबसे अच्छी दिशा दक्षिण दिशा मानी जाती है। कभी भी आप बेडरूम की उत्तर या पूर्व दिशा में कैश बॉक्स ना रखें। अगर आप ऐसा करते हैं तो इससे धीरे-धीरे करके आपका सारा धन खत्म होता चला जाएगा।



### खुला ना हो कैश बॉक्स

जब भी आप बेडरूम में कैश बॉक्स रखते हैं तो आपको इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि वह खुला ना हो। चूंकि लोग बेडरूम में कैश बॉक्स रखते हैं तो अक्सर उसे लेकर लापरवाह हो जाते हैं। आपको कैश बॉक्स को हमेशा बंद करके ही रखना चाहिए।

### एक्सपर्ट की राय-जरूर बिछाएं कपड़ा

कैश बॉक्स में पैसे, ज्वैलरी या प्रोपर्टीज के कागजात यूं ही ना रखें। हमेशा इस बात का ख्याल करें किआप कैश बॉक्स को बेडरूम में रखने के बाद सबसे पहले उस पर लाल या पीले रंग का कपड़ा बिछाएं। इसके बाद ही आप उसमें पैसे रखें। कोशिश करें कि आप कैश बॉक्स में एक चांदी का सिक्का जरूर रखें, जिसमें मां लक्ष्मी का चिह्न बना हो। इससे धन में बरकत होती है।

---

## किचन कैबिनेट को साफ करते वक्त ना करें ऐसी गलतियां, होगा नुकसान

रोजाना किचन के साथ-साथ इससे जुड़ी चीजों की भी सफाई की जाती है। मगर कई बार यह सफाई भारी पड़ जाती है, जिससे कई सामान खराब भी हो जाते हैं। ऐसे में अगर आप कैबिनेट साफ कर रहे हैं, तो इन गलतियों को करने से बचें।



आजकल घर के साथ-साथ किचन फर्नीचर का डिजाइन और कैबिनेट का डिजाइन, किचन की वॉल और सामान के ऑर्गनाइजेशन आदि पर काफी ध्यान दिया जाने लगा है, लेकिन लाख कोशिशों के बाद भी किचन के कैबिनेट या फिर सामान गंदे हो जाते हैं।

हम कैबिनेट में मसाले, दाल, चावल व अन्य कई इंग्रीडिएंट रखते हैं। कैबिनेट को अगर नियमित रूप से साफ नहीं किया जाए तो फूड स्टेन, मसाले के दाग, गैस की गर्माहट के दाग आदि लग जाते हैं। इसलिए इन्हें रोजाना साफ किया जाता है।

हालांकि, कैबिनेट की सफाई में सबसे ज्यादा मुश्किल होता है अंदर से कैबिनेट का कालापन हटाना। कई बार इसकी सफाई करने के लिए हम ऐसे इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करते हैं, जिससे कैबिनेट खराब होने लगते हैं। अगर आप चाहते हैं आपके साथ ऐसा न हो, इस लेख में बताई गई बातों को ध्यान में रखें।

### हार्ड डिटर्जेंट का इस्तेमाल करना

कई बार कैबिनेट को हम बहुत ध्यान से धोते हैं, लेकिन फिर भी कैबिनेट और उसका कलर खराब हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है कि कई बार हम इसे साफ करने के लिए हार्ड डिटर्जेंट का इस्तेमालकरते हैं। हार्ड डिटर्जेंट की वजह से कैबिनेट खराब होने लग जाता है। इसलिए आप जब भी घर पर अपनी कैबिनेट की अलमारी को क्लीन करें, तो हल्के डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें। साथ ही, बाजार में आपको कई तरह के डिटर्जेंट मिल जाएंगे।

---

**कार्नर न्यूज**

#### इस स्वतंत्रता दिवस करें कुछ अनूठा, राष्ट्रीय पर्व में बच्चों की भागीदारी को बनाएं विशिष्ट

# अपने बच्चों को आजादी का मतलब समझाने करवाएं कुछ जरूरी एक्टिविटीज, दिखेगा सकारात्मक असर

15 अगस्त आने वाला है, जिसे राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। आजादी सिर्फ एक दिन का उत्सव नहीं, यह जिम्मेदारी, त्याग और देशभक्ति की भावना है। लेकिन आज की डिजिटल पीढ़ी के लिए यह केवल तिरंगा बनाने या स्कूल फंक्शन में भाग लेने तक सीमित न रह जाए। जरूरी है कि बच्चे आजादी के महत्व को अनुभव करें। भारत में मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस के पर्व के महत्व के बारे में जानें। कैसे हमें आजादी मिली, कितने देशभक्तों और क्रांतिकारियों ने इस स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए और एक देशभक्त होने के क्या मायने हैं, ये सब आज की पीढ़ी को पता होना चाहिए, ताकिवह एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इसके लिए स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बच्चों के साथ कुछ खास एक्टिविटीज कर सकते हैं, जो उन्हें न केवल इतिहास सिखाएंगी बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देंगी।



### स्वतंत्रता सेनानी की भूमिका निभाएं

इस दिन बच्चों को नेताजी, भगत सिंह, झांसी की रानी जैसे क्रांतिकारियों की भूमिका निभाने को कहें। उन्हें उनकी बातें, संघर्ष और सोच को पढ़ने और निभाने दें। इससे वह उस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बारे में जानेंगे। उनके जीवन और देशप्रेम को समझेंगे और खेल-खेल में किसी देशभक्त क्रांतिकारी के जीवन की कहानी याद कर सकेंगे।

### देशभक्ति कार्टून या फिल्म देखें

आप बच्चों में देशप्रेम की भावना को जगाने के लिए उन्हें ऐसी फिल्म या कार्टून दिखा सकते हैं जो देशभक्ति की कहानी कहती हो या आजादी की जंग से जुड़ी हुई हो। आप बच्चे को 'चक दे इंडिया', 'रंग दे बसंती', 'गांधी' जैसी फिल्में या बच्चों के लिए बनाए गए एनिमेटेड फ्रीडम स्ट्रगल वीडियोज दिखा सकते हैं।

### तिरंगा बनाने और उसकी कहानी सुनाने की एक्टिविटी

घर पर बच्चों से तिरंगा बनवाएं और बताएं कि इसके तीन रंगों का क्या मतलब होता है, अशोक चक्र क्यों है? राष्ट्रगान क्या है और क्यों गाया जाता है?

### आजादी का पेड़ प्रोजेक्ट

पेपर कटआउट से एक पेड़ बनाएं और हर पत्ते पर एक स्वतंत्रता सेनानी का नाम लिखें। बच्चे रोज एक पत्ता चुनकर उसके बारे में जानकारी साझा करें। इससे वह आजादी के लिए संघर्ष करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बारे में जानेंगे और इस एक्टिविटी में उन्हें मजा भी आएगी।

### पोस्टर मेकिंग या लेखन स्पर्धा

'आजादी का क्या मतलब है मेरे लिए' जैसे थीम पर पोस्टर मेकिंग या लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करें। कॉलोनी के बच्चों या परिवार के सभी बच्चों को इसमें शामिल करें। स्कूलों में भी यह कार्यक्रम किया जा सकता है। जिसमें बच्चे से पूछें कि वह आजादी को कैसे महसूस करता है, आजादी पढ़ने की, सोचने की, बोलने की। उन्हें अपनी सोच को पोस्टर या शब्दों में पेश करने को कहें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'अवतार 3' का ट्रेलर हुआ रिलीज पेंडोरा में नजर आ रहा नया दुश्मन



हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक 'अवतार' के तीसरे पार्ट 'अवतार 3' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। 'अवतार' फ्रेंचाइजी दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। फिल्म के निर्देशक जेम्स कैमरून इसके दो पार्ट रिलीज कर चुके हैं। जल्द ही इसका तीसरा पार्ट भी रिलीज किया जाएगा।

आपको बता दें कि फिल्म अवतार का पहला हिस्सा 'अवतार' के नाम से, दूसरा हिस्सा 'अवतारः द वे ऑफ वाटर' के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है।

'अवतार 3' के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं। सभी लोग यहां खुशी से रहते हैं। हालांकि यह खुशी ज्यादा देर तक नहीं रहती है। कुछ ही देर बाद यहां हमले और जंग शुरू हो जाती है। जेक सुली और उनका परिवार एक दूसरे कबीले से लड़ता हुआ नजर आता है। अवतार के पहले हिस्से में जमीनी संघर्ष दिखाया गया था। दूसरे हिस्से में पानी में संघर्ष दिखाया गया था। तीसरे हिस्से में आग में संघर्ष दिखाया गया है। इस हिस्से में जेक सुली के बच्चों का रोमांस भी दिखाया गया है। सबसे हैरत की बात यह है कि इस बार पेंडोरा की दुनिया में ही एक अलग ग्रुप नजर आया है जो पेंडोरा के लोगों से ही लड़ता है। खबरों के मुताबिक 'अवतार 3' का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपये है। फिल्म को 19 दिसंबर 2025 को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार के पहले और दूसरे हिस्से ने जबरदस्त कमाई की थी। अब देखना होगा कि इसके तीसरे हिस्से को दर्शकों से कैसा रिस्पॉन्स मिलता है।

### टॉलीवुड

## रैपर वेदान की बढ़ी मुश्किलें पुलिस की है लोकेशन पर नजर



मलयालम हिप-हॉप म्यूजिक के चर्चित नाम वेदान उर्फ हिरंदास मुरली एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। इस बार मामला बेहद गंभीर है। एक महिला डॉक्टर ने उनके खिलाफ लगातार दुष्कर्म के आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, ये घटनाएं वर्ष 2021 से 2023 के बीच अलग-अलग स्थानों पर घटित हुईं।

कोच्चि पुलिस कमिश्नर पुट्टा विमलादित्य ने बताया कि आरोपी की वर्तमान स्थिति पुलिस की निगरानी में है और उसे फिलहाल फरार घोषित नहीं किया गया है। पुलिस की ओर से ये भी साफ किया गया है वेदान ने केरल हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है, जिस पर सुनवाई लंबित है। कमिश्नर ने यह भी बताया कि जब तक कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता, तब तक पुलिस की ओर से गवाहों से पूछताछ और सबूत जुटाने की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

त्रिक्काकारा थाने में दर्ज एफआईआर में आरोपी पर एक ही महिला के साथ बार-बार दुष्कर्म की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता के बयान के अनुसार, वेदन के साथ कुछ आर्थिक लेन-देन भी हुए थे, जिसकी जांच पुलिस कर रही है। ये पहला मौका नहीं है जब वेदन विवादों में आए हैं। इससे पहले अप्रैल महीने में उन्हें मादक पदार्थों से जुड़े एक केस में गिरफ्तार किया गया था, हालांकि बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। इसके कुछ ही दिनों बाद वन विभाग ने उन्हें एक तेंदुए का दांत रखने के मामले में गिरफ्तार किया, जिसमें उन्हें फिर से जमानत मिल गई।

सिर्फ आपराधिक मामलों में ही नहीं, बल्कि राजनीतिक विवादों में भी वेदान का नाम सामने आया है। मई 2025 में एक भाजपा नेता ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें वेदान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने और जातिवादी भावनाओं को भड़काने का आरोप लगाया गया था।

### भोजपुरी

## जय-रिंकू की फिल्म 'रेशम की डोर' में पारिवारिक रिश्तों की गहराई, पसंद आएगी दर्शकों को



भोजपुरी फिल्म 'रेशम की डोर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें जय यादव और रिंकू घोष लीड रोल में हैं। यह फिल्म पारिवारिक रिश्तों की गहराई और उनके महत्व को दिखाती है। ट्रेलर में इमोशन, ड्रामा और रिश्तों का संगम देखने को मिलता है। भोजपुरी फिल्मों में पारिवारिक कहानियों का अपना अलग ही मजा होता है। ऐसी ही एक नई भोजपुरी फिल्म का नाम है 'रेशम की डोर'। इसका ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है और इसे देखकर लगता है कि फिल्म में इमोशन, ड्रामा और रिश्तों का गहरा संगम देखने को मिलेगा। फिल्म में जय यादव और रिंकू घोष की जोड़ी नजर आ रही है, जो शुरुआत से ही ध्यान खींच लेती है। ट्रेलर की शुरुआत में ही पारिवारिक रिश्तों की गर्माहट और मजबूती महसूस होती है। कहानी में उतार-चढ़ाव, खुशियां और दर्द- सब कुछ एक साथ दिखाया गया है। ये साफ है कि फिल्म रिश्तों के महत्व और उन्हें निभाने की ताकत पर आधारित है। जय यादव और रिंकू घोष अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं और इस ट्रेलर में भी दोनों ने बेहतरीन काम किया है। उनकी एक्टिंग में प्यार, दर्द और संघर्ष- तीनों का मेल देखने को मिलता है। बाकी कलाकार भी कहानी में अच्छा रंग भरते नजर आते हैं। 'रेशम की डोर' का ट्रेलर सीधा दिल को छू लेने वाला है।


### खुशी का राज

लाइफ स्टाइल



न्यूयॉर्क फ़ैशन वीक में ब्रैंडन मैक्सवेल के शो के अंत में उनके मॉडल जिस अंदाज में मुस्कुरा रहे थे, वह चर्चा का विषय बन गया। दरअसल, मैक्सवेल ने उन्हें झिलमिलाते और चटख रंग के ऐसे कपड़े दिए थे जो खुशी और मस्ती का प्रतीक हों। ऐसे कैज़ुअल कपड़े जो पार्क या समुद्र तट पर बिताए दिन की याद दिलाते हों।

# अगर छोटी है आपकी आंखें तो ऐसे करें मेकअप, लोग देखेंगे



रोजाना की जिंदगी में महिलाएं मेकअप करना काफी पसंद करती हैं। अक्सर आपने देखा होगा कि छोटी आंख वाली महिलाएं मोटा-मोटा आई लाइनर लगा लेती हैं। उन्हें लगता है कि मोटा आई लाइनर लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं है। अगर आप अपनी आंखों को आकर्षित दिखाना चाहती हैं तो कोशिश करें यह विंग्ड आईलाइनर हो। मोटा आईलाइनर आपके लुक को खराब कर सकता है। अपने ड्रेसअप के हिसाब से ही विंग्ड आई लाइनर लगाएं। ऐसा माना जाता है कि काजल लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं, पर अगर आप सही तरीके से काजल नहीं लगाएंगी तो आपका लुक खराब दिखेगा। इतना ही नहीं ऐसा करने से आपकी आंखें भी अजीब दिखेंगी। अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो हमेशा वॉटर लाइन पर ही काजल लगाएं। इससे आपकी आंखें खूबसूरत लगेंगी। आंखों के मेकअप में मस्कारा का काफी अहम रोल होता है।

छोटी आंख वाली महिलाएं इसका इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें कि आप कम मात्रा में ही मस्कारा का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही बार-बार मस्कारा का कोट ना लगाएं, इससे पूरा लुक बिगड़ सकता है। अपना आई मेकअप शुरू करने से पहले आई बेस जरूर लगाएं। एक तो इसके इस्तेमाल से आपकी आंखें और ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी और साथ में इसकी वजह से आपका मेकअप हाईलाइट होगा।

## ऑयली स्किन वाले गलती से भी ना करें इनका इस्तेमाल



हर किसी की स्किन काफी अलग होती है। किसी की त्वचा तैलीय होती है तो किसी की ड्राई। जिनकी स्किन ड्राई होती है उनके सामने ज्यादा परेशानी नहीं होती है पर, परेशानी उन लोगों के सामने आती है, जिनकी त्वचा ऑयली होती है। गर्मियों के मौसम में ऑयली स्किन वालों का चेहरा ऐसा लगता है मानों उन्होंने चेहरे पर काफी सारा तेल लगाया हो। गर्मियों में तैलीय त्वचा वाले लोगों पर पिंपल, ब्रेकाउट और बंद रोम छिद्रों का खतरा भी ज्यादा होता है।

इसी के चलते गर्मियों के मौसम में हर ऑयली स्किन वाले व्यक्ति को अपनी स्किन का खास ध्यान रखना पड़ता है। जिन लोगों की त्वचा तैलीय होती है, उनको कुछ चीजों से दूर ही रहना चाहिए ताकि उनका चेहरा भी गर्मी में ग्लो करे। आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में जानना चाहिए, जिसे तैलीय त्वचा वाले लोगों को उपयोग नहीं करना चाहिए।

### नारियल तेल



अगर आपकी स्किन ऑयली है तो नारियल के तेल से दूर ही रहें। इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे पर कील-मुहांसों की समस्या सामने आ सकती है। इतना ही नहीं, हो सकता है कि स्किन पर ब्लैकहेड्स भी हो जाएं।

### पेट्रोलियम जेली



अगर आपकी त्वचा ऑयली है तो जितना हो सके पेट्रोलियम जेली से दूर रहें। इसकी बजाय आप जेल बेस्ड प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### मलाई

तैलीय त्वचा वाली लोगों को अपने चेहरे पर मलाई लगाने से भी बचना चाहिए। इसके इस्तेमाल से स्किन पर काफी नमी आती है। जिसकी जरूरत ऑयली स्किन वालों को नहीं होती।

### चावल का आटा

अगर ऑयली स्किन वाले लोग अपने चेहरे पर चावल के आटे का इस्तेमाल करेंगे तो हो सकता है कि उनके चेहरे पर पूरे चेहरे पर रेड रैशेज हो जाएं।

## पिगमेंटेशन हटाने करें घरेलू उपाय



जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे शरीर में कई तरह के बदलाव सामने आते हैं। उम्र बढ़ने के अलावा आजकल के खानपान, तनाव और यूवी किरणों की वजह से भी शरीर में कई तरह की परेशानियां सामने आती हैं। इन सबका सबसे ज्यादा असर चेहरे पर ही दिखाई देता है। इसी वजह से चेहरे पिगमेंटेशन, ब्लैक स्पॉट, पिंपल्स दिखाई देने लगते हैं। घरेलू नुस्खे या फिर दवाइयों की मदद से हम इन परेशानियों से तो छुटकारा पा लेते हैं लेकिन परेशानी तब सामने आती है जब ये दिक्कतें तो सही हो जाएं लेकिन इनके दाग चेहरे पर रह जाएं। इस पैक को बनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर आप ये पैक बनाने जा रही हैं तो सबसे पहले एक बाउल में दो चम्मच दही लेकर उसे फेंट लें। इसके बाद इसमें चावल का पाउडर मिलाकर उसमें मुल्तानी मिट्टी मिलाएं। एक चुटकी हल्दी, दो बूंद नींबू का रस और शहद मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करें। बस आपका फेसपैक तैयार है। इसे आप आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। जिसका साइडइफेक्ट नहीं होता।

### लगाने की विधि

इस फेसपैक को लगाने के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छे से धो लें। अब किसी ब्रश की मदद से इस पेस्ट को चेहरे से लेकर गले और गर्दन में अच्छे से लगाएं।

पैक लगाने के बाद इसे तकरीबन 20 मिनट तक सूखने दें। जब से सही से सूख जाए तो चेहरे को सादे पानी से साफ करें। ध्यान रखें कि चेहरे को रगड़ें नहीं। चेहरा साफ करने के बाद कॉटन बॉल में कच्चा दूध लेकर चेहरे पर लगाएं। इस पैक को आप हफ्ते में 4 बार तक लगा सकते हैं।

## इस मौसम में अपनाए फैशन टिप्स

मुंबई। मानसून सीजन में सुहाने मौसम के साथ ग्लैमर लुक भी नजर आ जाए तो क्या ही बात है। जी हां, आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने वाले हैं, जो आपको मानसून के मौसम में बारिश में क्या पहने और क्या ना पहने के असमंजस से बाहर तो निकालेगा ही साथ ही आपको एक अलग और नया लुक भी देगा। दरअसल इस मौसम में सबसे बड़ी टेंशन होती है कि कौन से कपड़े आपके लिए कर्म्फेटबल होंगे साथ ग्लैमर भी दिखेंगे, तो आपकी इसी टेंशन को आज हम कम करने आए हैं। तो आइए जानते हैं कि मानसून के मौसम में आप किस तरह के फैशन को फॉलो कर सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट लगेगा बेस्ट

मानसून के मौसम में फ्लोरल प्रिंट के कपड़े आपके लुक को और भी ज्यादा इनहांस करेंगे. ऐसे में आप फ्लोरल प्रिंट की साड़ी, सूट, कुर्ता या शर्ट आदि पहन सकती हैं।

### चटकीले कलर लगेंगे अच्छे

बरसात के मौसम में वाइब्रेंट कलर अच्छे लगते हैं. मानसून सीजन में आप पर पीले, लाल या फिर हरे रंग कपड़े बहुत अच्छे लगेंगे।



टाइट कपड़े पहनने से बचें

बारिश के मौसम में गलती से भी टाइट कपड़े ना पहने. इस मौसम हमेशा ही लूज कपड़ों को प्रीफ्रेंस दें।

### नायलॉन रहेगा सही

इस मौसम में कपड़े जल्दी नहीं सूखते हैं ऐसे में नायलॉन फैब्रिक का चुनाव करें. यह सूखने में काफी हल्के होते हैं. साथ ही दिखने में ये फैब्रिक काफी स्टाइलिश भी लगते हैं।

### स्कार्फ देगा आपको अलग लुक

मानसून के मौसम किसी भी ड्रेस पर स्कार्फ को जरूर कैरी करें. यह दिखने में तो अच्छे लगते ही हैं साथ ही साथ ही यह बारिश में भीग जाने के बाद कपड़ों की ट्रासपेरेंसी से भी आपको बचाते हैं।

### कार्नर न्यूज

मॉडल्स और डिजाइनर्स पर धनवर्षा हो रही है जमकर

# मॉडलिंग की दुनिया में चकाचौंध और करोड़ों की कमाई लेकिन मॉडल को सतर्क रहने की जरूरत

मॉडलिंग और डिजाइनिंग नए जमाने का जुनून है, जिसका जादू नई पीढ़ी के सिर चढ़कर बोल रहा है। इसमें सालाना कई-कई करोड़ की कमाई है। अमेरिकी फैशन वीक सालाना लगभग सौ करोड़ डॉलर का कारोबार कर रहा है तो भारत भी कुछ कम नहीं। खुदरा बाजार में भारतीय परिधान की हिस्सेदारी 56,000 करोड़ रुपए है तो भारतीय कपड़ा उद्योग 49 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है।

प्रोडक्स के प्रमोशन में लगे मॉडल्स और डिजाइनर्स पर जमकर धनवर्षा हो रही है। सांकेतिक तस्वीर सांकेतिक तस्वीर आप दुनिया के टॉप-10 मॉडलों की कमाई पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि यह रोजगार अब कितना मायने रख रहा है और आज की पीढ़ी इस पर क्यों इतनी दीवानी हुई जा रही है। मॉडलों की एक तस्वीर या उनका विज्ञापन करोड़ों की सेल करवा देता है।

पूरी दुनिया में फैशन और मॉडलिंग का बुखार किस तरह नई पीढ़ी के सिर चढ़कर बोल रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। अमेरिका में फरवरी और सितंबर में होने वाला फैशन वीक हर साल लगभग सौ करोड़ डॉलर तक का कारोबार लाता है। डियोर जैसे बड़े नाम वाले फैशन हाउस डीलक्स छुट्टियों के लिए फैशन बनाते हैं। अमीरों के फैशन के लिए होने वाले फैशन शो भी लाजवाब होते हैं क्योंकि कुछ बेचने के लिए भावी खरीदारों का मनोरंजन भी जरूरी माना जाता है। हमारे देश में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (दिल्ली) फैशन डिजाइनिंग का मशहूर कॉलेज है। यहां फैशन से संबंधित कई कोर्स चलाए जाते हैं। इसी मन-मिजाज को देखते हुए 'न्यूमेरिकल मॉडलिंग ऑफ वेदर एंड क्लाइमेट' के लिए नेशनल सेंटर फॉर मीडियम रेंज वेदर फोरकॉस्टिंग, नोएडा हर साल जूनियर रिसर्च फेलो के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।




इच्छुक उम्मीदवार इस साल भी पहली जुलाई तक डाक से आवेदन कर सकते हैं। आज फैशन का जादू हमारे देशी बाजारों पर भी छाया हुआ है। आज के युवा फैशन इंडस्ट्री पर फिदा हैं। बाजार का अलग ताना-बाना है। खुदरा बाजार में भारतीय परिधान की हिस्सेदारी 56,000 करोड़ रुपए है। भारतीय कपड़ा उद्योग 49 अरब डॉलर का है। वैश्विक कपड़ा बाजार में भारत की हिस्सेदारी 3.5-4 फीसदी है जिसमें तेजी आने की पूरी संभावना है।

इन आँकड़ों से साफ है कि वैश्विक फैशन जगत में भारत की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा अच्छे से अच्छे ब्रांड के कपड़े पहनना सबसे अच्छा तथा लेटेस्ट डिजाइन पहनना और हमेशा स्टाइलिश बनाना आज के युवा का शौक है, जिसे संभव करते हैं फैशन डिजाइनर।

यही कारण है कि पिछले कुछ सालों में फैशन डिजाइनिंग का कोर्स सबसे ज्यादा प्रचलित हुआ है। डिजाइनर अपने ग्राहक वर्ग की रुचि और जरूरत को समझकर अपने डिजाइन को मौसम और ट्रेंड के मुताबिक मार्केट में उतारता है। आज फैशन डिजाइनरों की बहुत मांग है।

यह रोजगार, करियर का एक अकूत कमाई वाला क्षेत्र बन चुका है। आप दुनिया के टॉप-10 मॉडलों की कमाई पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि यह रोजगार अब कितना मायने रख रहा है और आज की पीढ़ी इस पर क्यों इतनी दीवानी हुई जा रही है। मॉडलों की एक तस्वीर या उनका विज्ञापन करोड़ों की सेल करवा देता है। मॉडल्स भी करोड़ों, अरबों के इस खेल में खुद मालामाल हैं।

